डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः-शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान पर आया श्रीदेवी की इस ऑनस्क्रीन बेटी का दिल

वर्ष -08 अंक -169 | प्रयागराज, शनिवार, 17 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल के बयान से पूर्व नौकरशाह खफा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** लगभग एक पखवाड़े पहले राजकोट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से दिए गए बयान पर कई पूर्व नौकरशाहों ने आपत्ति जताते हुए आम आदमी पार्टी का मान्यता रद करने की मांग की है। बताया गया है कि केजरीवाल ने गुजरात के नौकरशाहों से आम आदमी पार्टी को जीत दिलाने में मदद करने की




अपील की थी। नौकरशाहों में ये दिग्गज शामिल मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे इस पत्र में जिन प्रमुख नौकरशाहों के नाम शामिल है, उनमें पूर्व आइएएस और अतिरिक्त मुख्य सचिव कर्नाटक एम. मदन गोपाल, केरल के पूर्व मुख्य सचिव आनंद बोस, भारत सरकार के पूर्व खाद्य सचिव आरडी कपूर, पूर्व पेट्रोलियम सचिव सुभाष चंद्रा आदि शामिल हैं।लालच देना चुनाव आयोग के नियमों के उल्लंघनपूर्व नौकरशाहों में अपने इस पत्र में आदर्श आचार संहिता का हवाला दिया है, जिसमें कोई भी पार्टी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव में सहयोग देने की मांग नहीं कर सकती है।

### पीएम मोदी के सबसे अंत में समरकंद पहुंचने के क्या हैं मायने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शीर्षस्तरीय सालाना बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष विमान गुरुवार को रात तकरीबन नौ बजे उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर समरकंद के हवाई अड्डे पर उतरा। उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी का स?वागत किया। पीएम मोदी आठ पूर्णकालिक सदस्य और चार प्रेक्षक देशों वाले इस संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचने वाले पीएम मोदी सबसे अंतिम शीर्ष नेता थे।

## हुई शुरुआत, बैठक के बाद पुतिन से मिलेंगे पीएम मोदी

**समरकंद।** पीएम मोदी आज शंघाई सहयोग संगठन (एण्ढ) के शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी इस बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे, जिसपर सभी की निगाहें टिकी होंगी। शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी द्वारा कई नेताओं से एससीओ की गतिविधियों की समीक्षा करने और भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। पीएम इसी के साथ ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, उज्बेक राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव से भी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।दूसरी ओर आज कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा एक दिन के ब्रेक के बाद फिर से केरल के कोल्लम से शुरू हो गई है। राहुल गांधी आज भी यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं।दिल्ली में कथित शराब घोटाले की जांच अब तेज हो गई है। आज ईडी तिहार जेल में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ के लिए पहुंची है।मुंबई के वडाला इलाके से एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर नवी मुंबई के कलंबोली इलाके में ले जाकर दुष्कर्म करने की बात सामने आई है। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 323, और 506 और पोस्को की



धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी बाकी है।इटली में एक जोरदार तूफान आने की जानकारी सामने आई है। तूफान इतना भयंकर है कि इसके कारण सात लोगों की मौत हो गई है।बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता की जारी रहेगी आजीवन कारावास की सजा। केरल उच्च न्यायालय ने तिरुवनंतपुरम अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। आदेश में 44 वर्षीय आरोपी पिता को अपनी नाबालिग बेटी से बार-बार शोषण करने के लिए शेष जीवन के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।भारत जोड़ो यात्रा के लिए जबरदस्ती फंड इकट्ठा करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज सब्जी दुकानदार को कथित रूप से धमकाया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद केरल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के सुधाकरन ने 3 कार्यकर्ताओं को निलंबित कर दिया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा, व्यापार और संपर्क, संस्कृति और पर्यटन सहित सामयिक, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। गुजरात के अहमदाबाद के मेमनगर स्टेशन पर एक बस में आग लगने की खबर है। आग को देखते ही बस से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बस स्टाप को तुरंत खाली करा लिया गया, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों और शिक्षकों के लिए एक समान ड्रेस कोड की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर गोवा का राजभवन मरीजों को देगा वित्तीय सहायता

### एक साल तक चलेगा यह अभियान

**पणजी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर (शनिवार) को जन्मदिन है। इस मौके पर भाजपा देशभर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करने वाली है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर गोवा के राजभवन ने कुछ खास तैयारियां की हैं। गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई ने बताया कि राजभवन प्रधानमंत्री मोदी के अगले जन्मदिन तक कुल 216 मरीजों को आर्थिक मदद मुहैया कराएगा राज्यपाल पिल्लई ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि राजभवन एक साल में टीबी (ऊलैमुत्देगे) के 72 रोगियों, 72 कैंसर रोगियों और डायलिसिस के इलाज की आवश्यकता वाले 72 अन्य रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर बीमारी के 10 मरीजों की होगी आर्थिक मदद दी जाएगी।पिल्लई ने



कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजभवन ने समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों की सेवा के लिए कई पहल की हैं। शनिवार को पीएम मोदी के जन्मदिन पर राज्यपाल ने 20 गायों के लिए मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ एक गौ आश्रय गृह का उद्घाटन करने से पहले मीरामार समुद्र तट की सफाई की किकस्टार्ट की भी घोषणा की है। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री सावंत और राज्यपाल बोनसाइ्योग उद्यान का भी उद्घाटन करेंगे।वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी का जन्मदिन विभिन्न तरीकों से मनाने की योजना बनाई है। पार्टी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' के 16 दिनों को मनाने का निणर्य लिया है। पार्टी 'सेवा पखवाड़ा' के तहत जिले स्तर पर पीएम मोदी के विकास कार्यों की प्रदर्शनियों का आयोजन करेगी। इसके साथ ही पार्टी 'मोदी 20 सपने हुए सकार' पुस्तक के प्रचार-प्रसार की रणनीति भी बना रही है।

## 2 इंडिगो कर्मचारी करीपुर हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी में सहायता करने के आरोप में हुए गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोझीकोड (केरल)।** सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को कोझीकोड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (करीपुर हवाई अड्डे) पर सोने की तस्करी में कथित तौर पर मदद करने के आरोप में इंडिगो एयरलाइंस के जो उसे एयरपोर्ट पर छोड़कर फरार हो गया था। मामले को लेकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ढाई करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अन्य धातुओं के साथ मिश्रित सोने की तस्करी इंडिगो एयरलाइंस कंपनी के दो अधिकारियों की मिलीभगत से की गई थी। आरोपी इंडिगो की फ्लाइट से केरल आया था। बता दें कि पकड़े गए कर्मचारियों की पहचान साजिद रहमान और मोहम्मद सामिल के रूप में हुई है। दोनों पर यात्री द्वारा लगाए गए सोने को सही जगह पर पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंडिगो के कार्यकारी अधिकारी



दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों की पहचान वरिष्ठ कार्यकारी साजिद रहमान और ग्राहक सेवा एजेंट मोहम्मद समिल के रूप में हुई है बताया गया है कि आरोपितों को ढाई करोड़ रुपये मूल्य के 4.9 किलोग्राम सोने की विदेश से तस्करी में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सोना एक यात्री के बैग में मिला, साजिद रहमान को दुबई से आए वायनाड के मूल निवासी अस्कर अली नाम के एक यात्री द्वारा लाए गए सोने के डिब्बे को बाहर निकालने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया था। कर्मचारियों की मिलीभगत से सोने की तस्करी होने की गुप्त सूचना के आधार पर सीमा शुल्क कर्मचारियों की निगरानी कर रहा था।

## समरकंद' से रहा है भारत के सबसे बड़े आक्रांताओं का रिश्ता, यहां जुटे हैं विश्वभर के शीर्ष नेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन की बैठक उज्बेकिस्तान के समरकंद शहर में हो रही है। इतिहास के




पननें में उज्बेकिस्तान का यह शहर बेहद अहम रहा है। माना जाता है कि यह शहर करीब 3000 साल पुराना है। उज्बेकिस्तान के समरकंद शहर में कई मुस्लिम शासकों ने राज किया। इस शहर में सिकंदर, चंगेज खान, तैमूर लंग और बाबर इस शहर में कब्जे को लेकर कई शासकों से भिड़ता रहा। समरकंद में नाकाम होने के बाद बाबर ने भारत की ओर रुख किया था। अपनी क्रूरता के लिए मशहूर चंगेज खान और तैमूर लंग ने समरकंद में कई लड़ाइ्यां लड़ीं थीं। समरकंद नाम सोगदियाना से जुड़ा है। इसका अर्थ होता है पत्थरों का किला या पत्थरों से बना शहर। प्राचीन काल में समरकंद सोगदियाना राज्य की राजधानी थी। समरकंद में जुटे हैं विश्वभर के शीर्ष नेता वहीं, अब इस शहर में कई देशों के शीर्ष नेता मौजूद हैं। शुक्रवार को शंघाई सहयोग की अहम बैठक होनी है। इस बैठक में भारत, रूस, चीन, तुर्की और ईरान के राष्ट्रपति समेत कई शीर्ष नेता विश्व के विभिन्न मुद्दों पर अपना एजेंडा तय करेंगे। आज होने वाली इस बैठक में जलवायु, खाद्यान्न संकट, पावर क्राइसिस और रूस- यूक्रेन युद्ध को लेकर खास चर्चा होने की उम्मीद है।उज्बेकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन 2022 की मेजबानी कर रहा है। यह देश अपने आप में बेहद खास है। उज्बेकिस्तान प्रशासनिक रूप से 12 प्रान्तों और एक स्वशासित गणतंत्र में बंटा हुआ है। इनके अलावा राजधानी ताशकंत को भी एक स्वतन्त्र शहर का दर्जा प्राप्त है। उज्बेकिस्तान के मौजूदा राष्ट्रपति शौकत मिजिन्योयेव हैं। इतिहास के पननें में दर्ज उज्बेकिस्तान के शहर समरकंद में कई देश एक बार फिर इकट्ठा हुए हैं। समरकंद शहर में हो रही शंघाई सहयोग संगठन बैठक में वर्तमान में 8 सदस्य देश शामिल हैं। चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान इसके सदस्य देश हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों के मामले पर सुनवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों के मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी है। इससे पहले केंद्र ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि युद्ध के कारण यूक्रेन से लौटे भारतीय अंडर ग्रेजुएट मेडिकल छात्रों को देश के मेडिकल कालेजों में समायोजित नहीं किया जा सकता है केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत किसी प्रविधान के अभाव में भारतीय विश्वविद्यालयों में समायोजित नहीं किया जा सकता। उन्हें अगर ऐसी कोई छूट दी गई तो इससे देश की मेडिकल शिक्षा के मानकों पर गंभीर असर होगा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक हलफनामे में कहा है, जहां तक ऐसे छात्रों का संबंध है तो किसी भी विदेशी चिकित्सा संस्थानों या कालेजों से भारतीय मेडिकल कालेजों या विश्वविद्यालयों में मेडिकल छात्रों को समायोजित या स्थानांतरित करने का भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के साथ-साथ नियमों के तहत ऐसा कोई प्रविधान नहीं है। अभी तक, एनएमसी द्वारा विदेशी मेडिकल छात्रों को किसी भी भारतीय चिकित्सा संस्थान या विश्वविद्यालय में





समायोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है खराब मेरिट वाले छात्रों को देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कालेजों में प्रवेश की अनुमति दी गई तो ऐसे कई अभ्यथिन्यों की याचिकाएं दाखिल हो जाएंगी जिन्हें या तो कम प्रतिष्ठित मेडिकल कालेजों में प्रवेश लेना पड़ा या जिन्हें प्रवेश ही नहीं मिल सका।किफायती मेडिकल शिक्षा के आधार पर विदेश जाने वाले छात्रों को अगर देश के निजी मेडिकल कालेज आवंटित कर दिए गए तो एक बार फिर वे संबंधित संस्थानों की फीस का बोझ सहन नहीं कर सकेंगे।

## दिल्ली शराब नीति मामले पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की शराब नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ें) देशभर में छापेमारी कर रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनसुार, ईडी की यह छापेमारी 40 जगहों पर हो को ईडी ने इस मामले में दिल्ली और अन्य शहरों में 35 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी।शराब नीति का मामला (अत्पा्ेमो इदत्म्ब् र्णे) दिल्ली में भाजपा और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के बीच राजनीतिक गतिरोध के केंद्र बना हुआ है।बता अभियान शुरू किया था।जांच एजेंसियों के रडार पर रहे दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर की भी तलाशी ली गई थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी बार-बार केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का





रही है।जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय शुक्रवार को हैदराबाद, बेंगलुरु, मैंगलोर और चेनन्ई में छापेमारी कर अपना अभियान चला रही है राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शराब नीति में हुई धांधली को लेकर प्रवर्तन निदेशालय इसके पहले भी छापेमारी कर चुकी है। इससे पहले 6 सितंबर दें कि आम आदमी पार्टी जो एक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से पैदा होने का दावा करती है। भाजपा ने इस पर मनी-लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। उनकी सिफारिश के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़े पैमाने पर तलाशी आरोप लगाती रही है।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने ईडी की छापेमारी पर बयान दिया था कि पहले इन्होंने सीबीआई के छापे मारे इसमें कुछ नहीं मिला। अभी ईडी के छापे मारेंगे इसमें कुछ नहीं निकलेगा। देश में जो शिक्षा का माहौल बना हुआ है, अरविंद केजरीवाल जी जो काम कर रहे हैं उसे रोकने का काम हो रहा है, लेकिन उसे रोक नहीं पाएंगे।

## अब यहां 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' से आप भी ले सकेंगे जायकेदार खाने का स्वाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अब अपनी पुरानी पैसेंजट ट्रेन को अब और ज्यादा कमाई का जरिया बनाने वाली है। रेलवे अपने पुराने ट्रेन के कोचों को आरामदायक,





सुंदर और बेहतरीन रेस्टोरेंट के रूप में प्रयोग करेगी। इसे 'रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स' (कोच रेस्टोरेंट) के नाम से जाना जाएगा। समाचार एजेंसी एएनआई ने भारतीय रेलवे के हवाले से गुरुवार को यह जानकारी दी। रेल मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि पश्चिम बंगाल में ईस्ट रेलवे के अंतर्गत आसनसोल रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में यह 'रेल कोच रेस्टोरेंट' पहले से ही चल रहा है। एलएचबी कोचों के प्रसार के साथ भारतीय रेलवे के पुराने कोचों को सेवा से बाहर किया जा रहा है। इन पुराने ट्रेन के डिब्बों, जिनका संचालन रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है। अब इन कोचों का उपयोग रेस्टोरेंट के लिए किया जा रहा है। यात्रियों के आकर्षण के लिए कोच रेस्टोरेंट को एक सुंदर और आलीशान विरासत के साथ डिजाइन किया जा रहा है। लोग ट्रेन के डिब्बों में खाने का अनुभव प्राप्त करने के साथ ही अपनी सुखद यात्रा को भी महसूस कर सकेंगे। इन कोच रेस्टोरेंट में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ पूरा आनंद ले सकेंगे। कोच रेस्टोरेंट में भोजन, नाश्ता और कई तरह के पेय पदार्थ खरीदने की सुविधा होगी। वहीं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने भी अपने कुछ पुराने ट्रेन डिब्बों, जो उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं। उन्हें रेस्टोरेंट में बदलने की पहल की है। न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन क्षेत्र में एक कोच रेस्टोरेंट चालू होने के लिए तैयार है। एनएफआर के पांच मंडलों में विभिन्न स्थानों पर ऐसे 15 और कोच रेस्टोरेंट स्थापित करने के कार्य को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने कहा कि अलीपुरद्वार मंडल में न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, मदारीहाट, लतगुरी, चलसा, राजा भट खावा और न्यू मल में सात कोच वाले रेस्टोरेंट की स्थापना को अंतिम रूप दिया गया है। साथ ही कहा कि कोच रेस्टोरेंट की और योजना बनाई जा रही है और अलीपुरद्वार में आठ स्थानों पर अभी काम चल रहा है। रेलवे के लिए इस पहल से राजस्व बढ़ने के साथ ही श्रमिकों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

## भारत जोड़ो यात्रा' के लिए जबरन चंदा वसूली कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ता सब्जीवाले से की मारपीट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोल्लम ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का आगाज खोई सियासी जमीन को तलाश करने और कांग्रेस



कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने के मकसद से हुआ है। हालांकि, यात्रा के साथ नए-नए विवाद भी जुड़ रहे हैं। दरअसल, केरल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर जबरन वसूली के आरोप लगे हैं। कोल्लम जिले में एक सब्जी दुकानदार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर धमकाने का आरोप लगाया है। सब्जी दुकानदार का आरोप है कि कोल्लम में भारत जोड़ो अभियान के लिए कांग्रेस फंड इकट्ठा कर रही है। इसके तहत दो हजार रुपये मांगे गए थे। पैसे ना देने पर उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। सब्जी दुकानदार ने बताया, 'कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक दल मेरी दुकान पर आया और भारत जोड़ो यात्रा के लिए चंदा मांगने लगा। मैंने 500 रुपये दिए, लेकिन वे लोग 2 हजार रुपये मांगने लगे। पैसे ना देने पर उन्होंने मेरा तराजू और सब्जियां फेंक दी।' वहीं, वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरन ने सब्जीवालों से मारपीट के चलते तीन कार्यकर्ताओं पार्टी से निलंबित कर दिया है। उन्होंने इसको लेकर एक ट्वीट भी किया है। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण केरल के कोल्लम जिले से शुक्रवार को शुरू हुआ।

# अक़ीदत से निकला इमाम रज़ा का जुलूस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रानीमंडी में इमामबाड़ा साजिद अली से बुजुर्ग मर्सियाख्वान जायर हुसैन की ओर से 79 साल पुराना इमाम रजा का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। देर रात तक निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। ताबूत, जुलजनाह व अलम की जियारत के लिए भीड़ उमड़ी। जैगम अब्बास ने मर्सियाख्वानी और मौलाना रजा अब्बास जैदी ने शहादत पर बयान किया। गुलाब के फूलों से सजा ताबूत और अलम की जियारत कराई गई। अनजुमन गुनचाए ए कासिमया के नौहाख्वानों शादाब जमन, अस्करी अब्बास, यासिर जैदी, जहीर अब्बास, ऐजाज नकवी, कामरान रिजवी, अली रजा रिजवी, अकबर रिजवी, जीशान आदि ने पुरदर्द नौहे पढ़े।



# फीस वृद्धि के विरोध में अनशन पर बैठा छात्र हुआ बेहोश


## छात्रसंघ भवन के मुख्य द्वार पर लगा ताला छात्रों ने तोड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर में गधा लाने की घटना के बाद छात्रसंघ भवन का गेट बंद कर दिया था। वहां सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे जो किसी बड़े वाहन के आने की स्थिति में मुख्य गेट को खोल सकें। साथ ही बगल का छोटा गेट सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए थे। शुक्रवार को यह विवाद तब शुरू हुआ जब आमरण अनशन पर बैठे एक छात्र की तबीयत खराब हो गई। छात्र को एंबुलेंस में बैठाने के लिए गेट की चाबी खोजने में समय लग गया। छात्रों ने कहा कि ऐसी स्थिति में जब तुरंत उपचार की आवश्यकता होती है तब विश्वविद्यालय प्रशासन के इस फैसले के कारण बीमार छात्र को कुछ देर इंतजार करना पड़ा। एंबुलेंस में छात्र को बैठाने के बाद गुस्साए छात्रों में मुख्य द्वार को धक्का देकर तोड़ दिया। जिस हुक में ताला लगता था उसको भी डंडे मार कर छात्रों ने तोड़ दिया।इस दौरान छात्रों सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित छात्रों ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन जब भी छात्रसंघ भवन के गेट को बंद करेगा छात्र उसको इसी तरह से तोड़ कर खोल देंगे। छात्रसंघ भवन का गेट तोड़े जाने की सूचना सुरक्षाकमिर्यों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन को भेज दी है।



# मुज़फ्फर की 11.5 करोड़ की संपत्ति आज होगी कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
प्रयागराज। पूर्व सांसद अतीक के करीबी सपा ब्लाक प्रमुख गो तस्कर मो. मुज़फ्फर पर पुलिस ने और शिकंजा कस दिया है। शुक्रवार दोपहर बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गैंगस्टर मुज़फ्फर की 11.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क करेंगे। कार्रवाई धूमनगंज के बमरौली इलाके में होगी। कौडिहार के ब्लाक प्रमुख मुज़फ्फर की अब तक 15 करोड़ से अधिक की संपत्ति हो कुर्क की जा चुकी है। इससे पहले पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत नवाबगंज के चफरी गांव में मुज़फ्फर का दो करोड़ का मकान कुर्क किया था।



# ऊर्जा राज्य मंत्री ने तेलियरगंज उपकेंद्र का किया निरीक्षण गंदगी देख भड़के

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने शुक्रवार को सुबह आठ बजे शहर के चार जांच की। मेयोहॉल उपकेंद्र में साफ सफाई पर अधिकारियों की सराहना की। साथ ही दूसरे लोगों को इससे सीख लेने के लिए कहा।



उपकेंद्रों का दौरा किया। मंत्री सबसे पहले तेलियरगंज उपकेंद्र पहुंचे। यहां गंदगी की भरमार देख अफसरों को फटकार लगाई। टैगोर टाउन और गोविंदपुर में साफ सफाई में सुधार के लिए कहा। उपकेंद्रों पर समाधान सप्ताह शिविर का भी निरीक्षण किया। रजिस्टर की इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार की महत्वपूर्ण कई योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि रिवैंप योजना जर्जर बिजली तार को बदलने और अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए लागू की जा रही है।

# शुआट्स में मनाया गया हिंदी दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(नैनी) प्रयागराज।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशनए शुआट्स और अंग्रेजी विभागए शुआट्स ने संयुक्त रूप से बीण्एडण् प्रांगण में बुधवार को एक समारोह का आयोजन किया जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकोंए कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों का आदान.प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीतए कविता और नाटक भी प्रस्तुत किए। समारोह में मुख्य अतिथिए प्रोण् जेण्एनण् मिश्राए डीनए प्रबंधनए मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकायए ने कहा कि संविधान सभी भाषाओं को बढ़ावा देता है और आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने फिराक गोरखपुरी और हरिवंश राय बच्चन जैसे अंग्रेजी शिक्षकों को भी याद किया जो क्रमशः उर्दू और हिंदी के प्रमुख लेखक थे। चितंबर स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डीन प्रोण् जहाँआरा ने कहा कि हिंदी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है जिसकी जड़ें मॉरीशसए फिजी और दुबई में हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा में हिंदी को लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता का उल्लेख किया। प्रोण् मैरियन मैथ्यूए सीण्जेण्ए डीनए इलाहाबाद स्कूल ऑफ एजुकेशन ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र के एकीकरण में हिंदी की बहुत बड़ी भूमिका है। हिंदी एक बड़ी आबादी द्वारा बोली जाती है और सभी पृष्ठभूमि के भारतीयों को एकजुट कर सकती है। अंग्रेजी विभाग के प्रमुख डॉ आशीष एलेक्जेंडर ने कहा कि जब भाषाएं लोकतांत्रिक होती हैं तो उनका विकास होता है। उन्होंने हिंदी भाषा के विकास में मिशनरियों और बाइबल अनुवाद की भूमिका को भी रेखांकित किया। डॉ शिवानी एस वर्माएसहायक प्रोफेसरए अंग्रेजी विभाग ने कहा कि हिंदी में बोलने में किसी प्रकार की हीन भावना नहीं होनी चाहिए।इससे पूर्व डॉ एसण् एचण् कासिमए सहायक प्रोफेसरए शिक्षक प्रक्षिण विभागए ने अतिथियों का स्वागत किया। सुश्री मिफ्राएबीण्एडण् छात्र ने कार्यक्रम का संचालन किया जिसमें मोनिकाए एंजेलाए त्रिप्तिए अंकितए निकिता और आइरीन ने प्रस्तुति दी। अंत में डॉ शिवानी एसण् वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




# खेलते समय कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत, गांव में मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के छतौना गांव के रहने वाले मंगला प्रसाद शर्मा का 6 वर्षीय बेटा और ननिहाल आई 5 वर्षीय श्रेया पुत्री अभयराज निवासी परवेजाबाद थाना उतरॉव शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे घर के पास खेल रहे थे। सराय ममरेज थाना शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे घर के पास खेल रहे थे। इसी बीच बगल स्थित पुरानी जर्जर कच्ची दीवार ढल गई। जिसमें दब जाने से दोनों मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से मां-बाप सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर मिलते ही जिलाधिकारी,



क्षेत्र के छातौना गांव में कच्ची दीवार अचानक ढह जाने से खेल रहे दो मासूम बच्चों की जान चली गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरायममरेज थाना क्षेत्र के छतौना गांव के रहने वाले मंगला प्रसाद शर्मा का 6 वर्षीय बेटा और ननिहाल आई 5 वर्षीय श्रेया पुत्री अभयराज निवासी परवेजाबाद थाना उतरॉव उप जिलाधिकारी हंडिया, एसएसपी, एसपी गंगापार सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों के परिजनों को चार चार लाख मुआवजे का आश्वासन सरायममरेज के छतौना गांव में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने दोनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए का मुआवजा देने का आश्वासन दिया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

# भैंस पालक ने किया विद्युत विभाग के खिलाफ मुकदमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** साँगीपुर थाना के पश्चिम देऊ निवासी वैभव तिवारी पुत्र कालिका प्रसाद तिवारी ने विद्युत विभाग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। वैभव तिवारी के अनुसार उसकी कीमती भैस चरने के लिए खुली थी।वह बीएसनल के खंभे के पास चर रही थी की खंभे में उतरे करंट की जद में आने से उसकी मौत हो गई। भैंस पालक में भैंस की मौत का जिम्मेदार विद्युत विभाग को मानते हुए साँगीपुर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। लोगों के अनुसार विद्युत विभाग शिकायत करने के बावजूद भी ध्यान नहीं देता जिसके चलते आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं।पशु पालक ने विद्युत विभाग से अपनी भैंस की मृत्यु के क्षतिपूर्ति भी माँगी है।

# ऊर्जा राज्यमंत्री ने उपकेंद्रों का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** राज्यमंत्री (ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा) डॉ. सोमेंद्र तोमर ने शुक्रवार को भोर में ही उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेलियरगंज उप केंद्र में गंदगी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। राज्य मंत्री ने मेयोहाल उपकेंद्र पर विभाग की ओर



उन्होंने तेलियरगंज उप केंद्र में गंदगी मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।राज्यमंत्री (ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा) डॉ. सोमेंद्र तोमर ने शुक्रवार को भोर में ही उपकेंद्रों से लगाए गए समाधान शिविर का भी जायजा लिया।उन्होंने समाधान शिविर का रजिस्टर चेक कर एक शिकायतकर्ता के मोबाइल पर वार्ता करके शिविर का फीडबैक लिया।

# भारी बारिश से लखनऊ के कैंट के दिलकुशां कॉलोनी में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** दिलकुशा कालोनी में निर्माणाधीन दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर नौ लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। इसी तरह उनन्व जिले में असोहा थाना क्षेत्र के कांथा मे कच्चा मकान गिरने से दो भाइयों और एक बहन सहित तीन की मौत हो गई। लखनऊ में अधिकारी मौके पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अफसरों को घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया है। दिलकुशा कॉलोनी में पुरानी दीवार का निर्माण कार्य चल रहा था जिसके लिए मजदूर रुके हुए थे। दीवार का वह हिस्सा गिरा जो कि पहले मजबूती से खड़ा हुआ था। हादसे से चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार दिलकुशा कॉलोनी पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना कल रात से हो रही बारिश के कारण निर्माणाधीन दीवार गिरने से हुई। दो घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों ने दोनों को खतरे के बाहर बताया गया है। जिलाधिकारी ने सिविल हास्पिटल पहुंच कर उनका हालचाल लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में मृत लोगों के परिजनों को आपदा राहत के अंतर्गत मुख्यमंत्री की ओर से 4-4 लाख रुपये की सहायता प्रदान करने की घोषणा की गई है। हादसे में घायल एक मजदूर झांसी के रहने वाले राघवेंद्र का कहना है कि घटना रात करीब 12 बजे की है। हादसे में बेहोश हुए एक आदमी को जब फोन आया तो उसने 108 नंबर पर फोन किया फिर हम लोगों को अस्पताल लाया गया। लखनऊ के सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया कि लखनऊ मे एक दीवार गिरने से कई लोगों की मृत्यु होने के समाचार से मुझे बहुत दुख हुआ है। जिन लोगों को इस हादसे में अपनी जान गंवानी पड़ी है, उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इसके साथ ही मैं इस दुर्घटना में घायल सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।





# रेस्टोरेट मे अवैध रुप से हुक्का बार का संचालन करते संचालक सहित 06 अभियुक्त थाना नैनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से 10 अदद हुक्का, 13 अदद पाइप, 2 डिब्बा फ्लेवर तम्बाकू युक्त बडा, 03 पैकेट फ्लेवर तम्बाकू युक्त छोटा, 8 अदद सिगडी व 01 पैकेट चारकोल बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निदेशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक यमुनापार वा श्रीमान् क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक नैनी सुरेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 सुमित त्रिपाठी मय पुलिस टीम क्षरा दिनांक 14.09.2022 को मुखबिर की सूचना पर अलादीन रेस्टोरेन्ट व सर्किल रेस्टोरेन्ट जेलरोड थाना क्षेत्र नैनी से अवैध रुप से हुक्का बार का संचालन करते संचालक सहित हुक्का पी रहे कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 10 अदद हुक्का, 13 अदद पाइपख 02 डिब्बा फ्लेवर तम्बाकू युक्त बडा, 03 पैकेट फ्लेवर तम्बाकू युक्त छोटा, 8 अदद सिगडी व 01 पैकेट चारकोल बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 507/22 धारा 4/7/21 सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा अधिनियम) पंजीकृत किया गया नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । **गिरफ्तार अभियुक्तों को विवरण-** 1. मो0 रामिश पुत्र मो0 इनायत निवासी दॉदूपुर थाना घूरपूर जनपद प्रयागराज, उम्र 22 वर्ष संचालक 2. कपिल निषाद पुत्र कल्लू निषाद निवासी अम्बेडकर मगर थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष 3. मो0 इमरान पुत्र निजामुददीन पुरा फतेह मोहम्मद थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र 29 वर्ष निवासी 4. आमिर पुत्र इसरार निवासी मानिउमरपुर थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष 5. विकाश त्रिपाठी पुत्र प्रेम चन्द्र त्रिपाठी निवासी खरकौनी थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र 28 वर्ष 5. मन्नू निषाद पुत्र गुलाब निषाद निवासी दरियाबाद थाना अतरसुइया जनपद प्रयागराज, उम्र 24 वर्ष। **पंजीकृत अभ्यिोग का विवरण-** मु0अ0सं0 507/22 धार 4/7/21 सिंगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा अधिनियम), थाना नैनी जनपद प्रयागराज। **बरामदगी का विवरण** -10 अदद हुक्का, 13 अदद पाइपख 02 डिब्बा फ्लेवर तम्बाकू युक्त बडा, 03 पैकेट फ्लेवर तम्बाकू युक्त छोटा, 8 अदद सिगडी व 01 पैकेट चारकोल। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. उ0नि0 सुमित त्रिपाठी चौकी प्रभारी जेल रोड, उ0नि0 उमेशर यादव चौकी पभारी फूलमण्डी, उ0नि0 संदीप यादव चौकी प्रभारी छिवकी, का0 सजीत सिंह,का0 विमलेश कुमार थाना नैनी जनपद प्रयागराज।


# ऑनलाइन बिल जमा करने के नाम पर खाते से उड़ाया दो लाख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** साइबर अपराध पर लाख प्रयास के बाद भी लगाम नहीं लग पा रहा है। एक बार फिर साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसा कर बिजली बिल जमा करने के नाम पर खाते से दो लाख रुपये उड़ा दिया। पीड़ित अब थाने से लेकर बैंक तक का चक्कर लगाने को मजबूर है। सिधारी थाना क्षेत्र के बेलनाडीह गांव निवासी राणा मंत विजय सिंह का बिजली बिल बकाया था। जिसे जमा करने के नाम पर साइबर अपराधियों ने मोबाइल पर फोन किया। उन्हें ऑन लाइन बिल पेमेंट करने पर छूट आदि का लाभ बता कर बरगलाया। पीड़ित साइबर अपराधियों के झांसे में आ गए और जालसाजों से पीड़ित की मोबाइल पर एक लिंक भेज कर उसे खोलने को कहा और इसके बाद कुल तीन बार में उसके खाते से लगभग दो लाख रुपये उड़ा दिए। मोबाइल पर खाते से दो लाख रुपये निकाले जाने का मैसेज आते ही राणा मंत विजय सिंह के होश ही उड़ गए। इसके बाद से पीड़ित थाने से लेकर बैंक तक चक्कर लगा रहा है।



# किराये पर कमरा लेकर रह रही छात्रा का फंदे पर लटका मिला शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** शहर गुलामी का पुरा मुहल्ले में किराये पर कमरा लेकर रह रही छात्रा का शव बृहस्पतिवार को फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज थाना के मुखलिसपुर गांव की निवासिनी छात्रा मधुबाला निषाद (25) पुत्री रामदरस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। इसके लिए वह गुलामीपुरा मुहल्ले में किनाये पर कमरा लेकर रहती थी। मकान में कई अन्य किरायेदार भी थे। किरायेदारों के अनुसार रात में भोजन करने के बाद वह सोने चली गई। सुबह नौ बजे तक वह सो कर नहीं उठी तो अन्य किरायेदारों ने जब खिड़की से अंदर झांका कर देखा। अंदर कमरे में मधुबाला दुपट्टे के सहारे छत के चुल्ले से लटक रही थी। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ दिया और बचा लेने की नियत से उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



# तीन नगरीय स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** कार्यों में लापरवाही और नियमित टीकाकरण में कम प्रगति पर डीएम के आदेश पर सीएमओ ने तीन नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस जारी किया है। बृहस्पतिवार को डीएम संजीव सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर साफ-सफाई, चिकित्सकों की समय से उपस्थिति और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रहे। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में लापरवाही बरतने और नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर नगरीय स्वास्थ्य केंद्र महमूदपुर, पराहुपुर और चकिया के चिकित्सा प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमओ को दिए। जिसपर सीएमओ ने तीनों चिकित्साधिकारियों को नोटिस जारी कर दिया है। डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का पहले तीन माह में पंजीकरण करके न्यूनतम चार जांच कराएं। अगर एचबीएनएल द्वारा क्षेत्र में भ्रमण नहीं किया जा रहा है तो चेतावनी दें। बैठक में सीएमओ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। टीबी रोगियों के भुगतान में लापरवाही पर चेतावनी चंदौली। जिलाधिकारी संजीव सिंह ने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि जेएसवाई के लाभाथिर्यों को भुगतान समयबद्ध ढंग से करें। किसी के द्वारा भुगतान के नाम पर धनउगाही न हो, ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें।टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने जिला क्षय रोग अधिकारी को नियमित टीबी मरीजों से हालचाल लेने को कहा। टीबी रोगियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजें जाने वाले भुगतान में लापरवाही पर सकलडीहा, नौगढ़, नियामताबाद, शहाबगंज को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। संवाद चंदौली। जिलाधिकारी संजीव सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालयों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं। चिकित्सालय या परिसर में जलजमाव के निस्तारण की व्यवस्था और घासफूस, झाडियों को साफ करा दें।



# पोषाहार की बाट जोह रहे आंगनवाड़ी के बच्चे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आंगनवाड़ी के लाभार्थियों को सूखा राशन देने का इंतज़ाम किया है। मगर लाभार्थियों को ना तो ये सूखा राशन ठीक से मिल रहा है और ना पोषाहार से मिलने वाला पोषण। सैदपुर नगर के वार्ड नं 1 में जुलाई माह में 500ग्रा. सरसो तेल,1 किलो चना का डाल, 1 किलो दलिया बटा है उसके बाद अगस्त माह का अभी तक पुस्तआहर नही बटा है सितम्बर का आधा माह बीत गया है। अभी बच्चो का पुष्टाहार बटने का कोई उम्मीद नही दिख रहा है । पुष्टाहार की बाट जोह रहे आंगनवाड़ी के बच्चे।

# गंगा की लहरों ने ठोकर और बंधे को बनाया निशाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलीया।** गंगा नदी का पानी पेटे में समाने लगा है। गुरुवार की दोपहर गंगा की लहरों ने दुबे छपरा में सिंचाई विभाग की ओर से बनाए गए ठोकर को काटने के साथ ही बंधे को काटना शुरू कर दिया। इससे ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया दुबे छपरा अनुसूचित बस्ती के समीप दुबे छपरा गांव को बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने करोड़ों की लागत से ठोकर का निर्माण कराया था। वर्ष 2013 के बाढ़ के बाद पूर्व गीता प्रेस की ओर से बनवाए गए बंधे पर कार्य कराया था। बंधा कन्हई ब्रह्म स्थान से दक्षिण दिशा में पहले ही गंगा की भेंट चढ़ गया था। गंगा का पानी वापस लौट रहा है। गुरुवार के को एक बार फिर कटान होने लगी। देखते ही देखते आधे ठोकर को काटने के साथ ही बंधे को गंगा की लहरें निगलने लगीं। इससे गांव में में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीण अपने घरों को भी बचाने की जद्दोजहद में लग गए। सरयू में फिर शुरू हुई बढ़ाव बेल्थरारोड। सरयू नदी के जलस्तर में पिछले एक सप्ताह से निरंतर गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को अचानक बढ़ाव शुरू हो गया। नदी का पानी खतरे के निशान से एक मीटर से अधिक कम हो गया था। बृहस्पतिवार को अचानक बढ़त दर्ज की गई। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम जलस्तर 63.250 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो खतरे के निशान 64.010 मीटर से 76 सेंटीमीटर नीचे है। दो से ढाई सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। आयोग ने अगले 24 घंटे में जलस्तर में वृद्धि जारी रहने का पूर्वानुमान किया है।



# मुख्तार और अफजाल अंसारी की दो करोड़ की संपत्ति कुर्क

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी एवं उनके परिजनों के साथ गैंग से जुड़े लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को मुख्तार अंसारी का मकान, सांसद अफजाल अंसारी एवं गैंग से जुड़े काजू उर्फ शहनवाज कुरैशी की भू-संपत्ति पुलिस एवं राजस्व टीम ने कुर्क कर ली। इन लोगों द्वारा यह संपत्ति परिवारजनों के नाम पर अवैध ढंग से अर्जित की गई थी। करीब दो करोड़ 50 लाख रुपये के मकान एवं भू-संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई है। शासन के निर्देश पर संगठित अपराध को अंजाम देने वाले और गिरोह बनाकर अपराधिक कृत्य से जुड़े सरगना एवं सक्रिय सदस्यों के साथ उनके परिजनों एवं रिश्तेदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मुहम्मदाबाद कोतवाल द्वारा दी आख्या रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक द्वारा संस्तुति की गई। इसके आधार पर जिलाधिकारी ने बीते 13 सितंबर कुर्की का आदेश दिया था।धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी अधिनियम 986 के तहत दोपहर 12 बजे एसपी रोहन पी बोत्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम मुहम्मदाबाद पहुंची। टीम ने आईएसआई 191 के सरगना माफिया मुख्तार अंसारी की दर्जी मुहल्ला स्थित 25 लाख 11 हजार रुपये का मकान, सांसद अफजाल अंसारी की एक करोड़ 85 लाख और काजू उर्फ शहनवाज उर्फ काजू कुरैशी की 40 लाख की भू-संपत्ति को कुर्क कर लिया गया। इस मौके पर मुहम्मदाबाद एसडीएम हर्षिता तिवारी, एसपी ग्रामीण, सीओ सिटी गौरव कुमार सहित कई थानों की फोर्स एवं पीएसी मौजूद रही। इस संबंध में एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी, सांसद अफजाल अंसारी एवं काजू कुरैशी की दो करोड़ 50 लाख की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।




# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्र:** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रिया:** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयु:** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करे:** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोट:** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पास:** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्ति:** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथि: **30 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्र:– 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

# चोपन पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में 02 ट्रक बालू ( मोरम ) लदा सीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(चोपन) सोनभद्र।** अवैध खनन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के पत्र संख्या डीजी आठ-94 (अवैध खनन)/2022, इसी क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी के पत्र सं0 वीजेड रीडर 398 अवैध खनन आख्या/2022/20394 दिनांक 10.09.2022 एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल मिरजापुर के पत्र सं0 सीओएम सीए अवैध खनन / 20122 दिनांक 10.09.2022 एवं पुलिस अधीक्षक के पत्र सं0 पु0अ0-44/2022 दिनांक 10.09.2022 के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी नगर प्र0नि0 चोपन, चौकी प्रभारी डाला व खान निरीक्षक की उपस्थिति में अवैध खनन / ओवर लोड की सघन चेकिंग की कार्यवाही की गयी, जिसमें कुल दो वाहनों को जो इस प्रकार है- 1. यूपी 62 एटी 6676 (मोरम), 2. यूपी 61 एटी 2939 (मोरम), को ओवरलोड में सीज किया गया। इसके पश्चात जिला खान निरीक्षक ईश्वरचन्द्र से उपरोक्त वाहनों के सीजर की कार्यवाही करायी गयी।



# सोनभद्र में रोज डांटती थी सौतेली मां, तीन भाई -बहनों ने पहाड़ी से खाई में छलांग लगाकर चुनी मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोमा के जंगल में गुरुवार को एक युवती समेत तीन बच्चों का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से अफरातफरी मच गई। चर्चा है कि सौतेली मां के डांटने से क्षुब्ध युवती अपने छोटे भाई व बहन को लेकर भैसगहवा पहाड़ी से करीब सौ फीट नीचे कूद गई। नीचे भी पत्थर होने से तीनों के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तीनों चार दिन से घर से लापता थे और गुरुवार की शाम करीब ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी लेकिन तीन दिन तक उनका पता नहीं चला था। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे चरवाहे पहाड़ी के नीचे से गुजर रहे थे, उस दौरान दुर्गंध आने पर वे पहाड़ी के नीचे गए तो देखा कि युवती समेत तीन बच्चों का शव पड़ा है। इस पर चरवाहों ने गांव में सूचना देने के साथ ही मांची थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। एएसपी आपरेशन, सीओ



पांच बजे उनका शव मिला। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन विजय शंकर मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर राहुल पांडेय व मांची थानाध्यक्ष श्याम बिहारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमा गांव निवासी साजिदा पतनी अमरेश धांगर ने 12 सितंबर को मांची थाना पुलिस को तहरीर दी कि उसके सौतन की बेटी 19 वर्षीया कृष्ण कुमारी उसके चार साल के पुत्र चंदन ऊर्फ कल्लू व ढाई साल की बेटी उजाला को लेकर घर से नाराज होकर कहीं चली गई है। इस तहरीर पर पुलिस सदर, मांची थाना और पनौरा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव से निकल रहे दुर्गंध से प्रतीत हो रहा था कि शव तीन दिन पुराना है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में ले लिया है। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे चरवाहे पहाड़ी के नीचे से गुजर रहे थे, उस दौरान दुर्गंध आने पर वे पहाड़ी के नीचे गए तो देखा कि युवती समेत तीन बच्चों का शव पड़ा है। इस पर चरवाहों ने गांव में सूचना देने के साथ ही मांची थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। एएसपी आपरेशन, सीओ सदर, मांची थाना और पनौरा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# मजदूरी भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** सोनभद्र- दो वर्ष पहले किये गए कार्य का भुगतान न होने से नाराज मजदूरों ने किया प्रदर्शन ग्राम पंचायत कोटा के पूर्व ग्राम पंचायत - सदस्य त्रिस्तरीय भुगतान को लेकर खंड विकास अधिकारी डीपीआरओ और ग्राम प्रधान तक मजदूर चक्कर काटते रहे फिर भी सुनवाई ना होने पर प्रदर्शन करने को मजबूर हो गए और यह बताया कि यदि भुगतान



समिति के निवर्तमान प्रधान रहे विशांल कुमार व मजदूरों ने मजदूरी को लेकर डाला प्राथमिक विद्यालय में प्रदर्शन किया, ग्राम पंचायत कोटा में निवासी कार्यकाल में किए गए मात्र 2 वर्षों से भुगतान लंबित पड़ा हुआ है इसे लेकर गए हो गया ग्रामीण शुद्ध होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया प्रदर्शन प्रदर्शन में निवर्तमान समिति के अध्यक्ष विशाल कुमार द्वारा यह बताया गया कि ग्राम पंचायत में पूर्व में कराए गए गोवा श्रेया स्थल व आभारी में पेंटिंग हैंडपंप मरम्मत तथा कुछ मटेरियल के भुगतान तो हो गया लेकिन मजदूरी का भुगतान अभी तक मजदूरों को उपलब्ध नहीं कहा है इस संबंध में नहीं किया गया तो हम लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाएंगे । ग्राम प्रधान का मानदेय ग्राम पंचायत से संबंधित कर्मचारियों का मानदेय यदि समय अनुसार भुगतान कर दिया जाता है तो मजदूरों की मजदूरी के संग इस तरह का व्यवहार क्यों प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है कि जल्द से जल्द हम लोगों के भुगतान कराने की कृपा करें अन्यथा की दशा में हम लोग जिला प्रशासन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे इस दौरान मान सिंह ,चंदन ,हीरा, तपेशी, विजय, शिवकुमार, नागेंद्र विश्वकर्मा,संतोष ,मुनन आदि मौजूद रहे।

# तहसील में भ्रष्टाचार को लेकर लामबंद हुए अधिवक्तागण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ओबरा/सोनभद्र ।** भारत में एक कहावत मशहूर है भूखे भजन न हो गोपाला इसका तो वैसे सांस्कृतिक मतलब बहुत अच्छा की गई। बैठक में समापन के बाद उपरोक्त मांगो (भ्रष्टाचार, अनिमितताए एवं उनके कार्य करने के तरीके) को लेकर अधिवक्तागण बहुमत की राय से न्यायिक कार्य



है। लेकिन सरकारी दफ्तर में ये कहावत का अलग ही मतलब होता है। जब तक पेट नहीं पूजा तब तक काम नहीं दूजा। सोनभद्र में किसी भी विभाग में कोई कार्य बिना भ्रष्टाचार के हो जाये ऐसा नगणय ही देखा जाता है। ऐसे ही मामले को लेकर ओबरा तहसील में विरोध प्रदर्शन किया गया। शुक्रवार को ओबरा तहसील में अधिकारियों एवं अधिनस्त कर्मचारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनिमितताएं एवं उनके कार्य करने के तरीके से क्षुब्ध अधिवक्तागणों के अनुरोध पर आवश्यक बैठक 11 बजे आहुत से विरत रहेगे एवं एक प्रतिनिधि मण्डल का गठन कर जिलाधिकारी सोनभद्र के समक्ष उपस्थित होकर अपनी मांगे रखेंगे। सभा की अध्यक्षता, सोनाचल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्रा ने किया एवं संचालन महानत्री अनिल कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पुष्पराज पांडे, प्रभात पांडे, विनय कुमार कनौजिया, राजेश गौतम, अर्जुन शर्मा, विनोद गुप्ता, मिथिलेश तिवारी, संजय कुमार एवं तमाम अधिवक्तागण विरोध प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

# जिस शख्स के अपहण का दर्ज था मुकदमा, वह पुलिस को तीन साल बाद मुंबई में मिला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** यूपी के सोनभद्र जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिस शख्स को पुलिस पिछले तीन वर्षों से तलाश रही थी, वह मुंबई में मिला है। मां ने उसके पतनी अनीता अक्सर विवाद करती थी। पतनी और ससुराल वाले उसे आए दिन परेशान करते थे। आरोप है कि तीन साल पहले पतनी अनीता ने अपने मायके वालों के कहने पर उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का



अपहरण का आरोप लगाया था। वहीं पतनी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। मामला घोरावल कोतवाली क्षेत्र के घुवास गांव का है। युवक को मुंबई से लेकर पुलिस गुरुवार रात घोरावल पहुंची। पूछताछ में उसने घरेलू विवाद से तंग आकर मुंबई जाने की बात बताई। पुलिस के अनुसार घुवास निवासी अर्जुन गुप्ता उर्फ शैलेंद्र (35) घोरावल व घुवास में सब्जी बेचकर रोजी रोटी चलाता था। खर्च व कमाई को लेकर मुकदमा दर्ज कराया। घरेलू कलह व दहेज उत्पीड़न के मुकदमे से परेशान होकर वह घर पर बिना किसी को बताए मुंबई चला गया। उधर, लंबे अरसे से पुत्र की तलाश में परेशान अर्जुन की मां मंजू गुप्ता ने 27 मार्च को घोरावल में तहरीर देकर अर्जुन के ससुर राम चरण, सास, साले समेत नौ लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

# सोनभद्र में एक ही परिवार के तीन लोगों को सांप ने काटा इलाज के दौरान मां- बेटी की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चोपन थाना अंतर्गत गौरव नगर में सुबह पांच से छह बजे के बीच सर्पदंश से मां बेटी की मौत हो गई। बेटी सीता और मां सुनीता कि जहां सांप काटने से मौत हो गई वहीं पुत्र की भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एंटी सन्के वेनम देने के बाद मां और बेटे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान मां की भी मौत हो गई। जबकि पुत्री की चोपन में ही मौत हो गई थी, वहीं पुत्र भूपेंद्र की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। गौरतलब है ईश्वर प्रजापति काफी दिनों तक चोपन में रहकर भूसा का व्यापार करते थे। धीरे-धीरे उम्र ढलने के साथ ही ईश्वर की आंखों की रोशनी कम



हो गई और पास पड़ोस के लोगों के गाय भैंस की सेवा करने लगे। बाद में ईश्वर को स्थानीय लोगों ने उसके घर के पास ही काली मंदिर पर रखवा दिया गया जहां वह साफ सफाई का काम करते थे। परिवार की माली हालत काफी खराब होने की वजह से ईश्वर की पतनी और बेटी भी पास पड़ोस में ही घरों में कामकाज करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। बीती रात मां- बेटी और बेटा कच्चे मकान में अपने जमीन पर ही सोए हुए थे जबकि ईश्वर बाहर सो रहे थे। इसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने पुत्री को जहां गर्दन में वहीं मां को हाथ में डस दिया। जबकि विवेक भी सर्प दंश का शिकार इस दौरान हो गया। इस अवस्था को देखकर ईश्वर शोरगुल मचाने लगा तब पास पड़ोस के लोगों ने पहले तो झाड़-फूंक का सहारा लिया लेकिन स्थिति बिगड़ने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन लाया गया। लेकिन, तब तक बेटी की मौत हो चुकी थी और मां और बेटे की स्थिति गंभीर थी। फौरी तौर पर तुरंत प्राथमिक उपचार कर एंटी सन्के वेनम देने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान सुनीता 40 वर्ष की भी मृत्यु हो गई और पुत्र भूपेंद्र की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिला अस्पताल में विवेक का इलाज चल रहा है। ईश्वर का मकान सीट से छाया हुआ कच्चा मकान है। मां बेटी और बेटे अपने कच्चे मकान में ही जमीन पर लेटे हुए थे।

# कोयला लदा दो टेलर आमन सामने हुई टक्कर लेकिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के ठीक सामने आज गुरुवार ने पहुंचकर एक टेलर को साइड में करा कर यातायात बहाल कराएं वहीं दूसरी ट्रेलर कोयला लदी पलटी हुई हटवाने का



लगभग 5:30 बजे दो ट्रेलर आमने-सामने टकराते हुए दुकान में कोयला लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुकान में पलटा वही दुकानदार लोग लोग बाल-बाल बच गए वे स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई इसकी सूचना डाला व चोपन पुलिस को दे दी गई सूचना मिलते ही डाला चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र द्विवेदी व्यवस्था किया जा रहा था दोनों ट्रेलर के चालक सुरक्षित बच गए वहीं स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे डाला चौकी इंचार्ज एवं चोपन पुलिस ने कोयला लदे टेलर को हटाने में लग गए वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि मां वैष्णो मंदिर की कृपा से किसी को चोट नहीं आई और सभी लोग सुरक्षित बच गए ।

# बैंक से पैसा लेकर बाहर निकलते ही लुटेरों ने 20 हजार रुपये लूट कर हुए फर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** मधुपुर मेन बाजार स्थित इंडियन बैंक से पैसा निकाल कर बाहर निकलते ही दो लुटेरे 20 हजार रुपये लूट कर फरार हो गये। घटना के बाद स्तब्ध भुक्तभोगी के शोर मचाने पर लोग दौड़े तब तक लुटेरे बाइक से फरार हो गये। आपको बता दें कि इस दिन दहाड़े खुले आम लूट से सनसनी फैल गयी। लूट की योजना बनाते हुये एक लुटेरा बैंक के अंदर रेकी करते हुये साथ में बाहर आया था और बैंक के अंदर उसने भुक्तभोगी की गिनती करवाने में मदद भी की थी, पूरा वाकया बैंक में लगे सी सी टी वी कैमरे में कैद है। सुकृत पुलिस फुटेज के आधार पर लुटेरों की पहचान करने में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर बाद रामबिलास पुत्र स्व बब्बन निवासी ग्राम नागनार हरैया अपने बचत खाते से साढ़े उनतालीस हजार




रुपये की निकासी किये और काउंटर से रुपये मिलने के बाद वही मिलान करने लगे, प्रथम बार गिनने पर उन्हें एक नोट कम लगा उसी समय बगल में खड़ा एक अनजान व्यक्ति ने सहायता करने की पेशकश की उसने रुपये मिलान कर सही बताया और रामबिलास के साथ ही बैंक से बाहर आ गया। सड़क पर उसका दूसरा साथी भी उसके पास आ गया और दोनों ने सामने की जेब में रखा बीस हजार रुपये छीन कर फरार हो गये। अचानक हुये घटनाक्रम से भुक्तभोगी हक्का बक्का रह गया फिर शोर मचाना शुरू किया तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे।

# लखनऊ और कानपुर की तर्ज पर मलेरिया-डेंगू नियंत्रण के लिए चलेगा अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले को मलेरिया व डेंगू मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अब गोदरेज एंबेड परियोजना आगे आई है। संस्था जिले के पांच ब्लॉकों के अति संवेदनशील सौ गांवों में मच्छरजनित बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए कार्य करेगी। यह संस्था फिलहाल लखनऊ और कानपुर जैसे बड़े शहरों में डेंगू के नियंत्रण के लिए काम कर रही है। अति पिछड़ा जिला होने के साथ ही भौगोलिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण जनपद में मलेरिया-डेंगू व अन्य मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप रहा है। इसकी चपेट में आकर हर साल कई मौतें होती हैं। इसमें कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग जुटा है।




# फरार चल रहे एक नफर वारंटी को चोपन पुलिस ने गिरफ्तार किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(डाला) सोनभद्र।** न्यायालय मे एनडीपीएस एक्ट के चल रहे मुकदमे में उपस्थित नही होने के करण । पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर द्वारा वांछित वारंटी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन लक्ष्मण पर्वत थाना चोपन के नेतृत्व में चौकी प्रभारी डाला सुरेश चंद्र द्विवेदी ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण न्यायालय द्वारा संजय विश्वकर्मा पुत्र अशोक विश्वकर्मा निवासी मलिन बस्ती थाना चोपन जनपद सोनभद्र के विरुद्ध एलबीडब्लूयू वारंट जारी किया था जिसे बृहस्पतिवार को मलिन बस्ती डाला से पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही मे जुटी ।



# बारिश और बिजली गिरने पर भी नहीं उतरा नीचे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** के सेमरा गांव में एक युवक ने बीते छह दिन से विशालकाय पीपल के पेड़ को आशियाना बना लिया है। बारिश होने पर भी वह नीचे नहीं उतरता। उसे उतारने के लिए ग्रामीण और परिजन परेशान हैं। बीते माह यूपी के मऊ जिले के एक गांव में पतने से झगड़े के बाद एक युवक ताड़ के पेड़ पर रहने लगा था। करीब 20 दिन बाद उसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ताड़ के पेड़ से उतारा था। कुछ उसी तरह का मामला अब मिर्जापुर में सामने आया है। यहां भी एक युवक ने विशालकाय पीपल के पेड़ को आशियाना बना लिया है। हालांकि पेड़ पर क्यों चढ़ा, इसका कारण साफ नहीं है। वह बीते छह दिन से नीचे नहीं उतरा है। इतने दिन में बारिश हुई, पेड़ पर बिजली भी गिरी



लेकिन युवक पर कोई फर्क नहीं पड़ा। उसकी इस हरकत से परिजनों समेत ग्रामीण हैरान और परेशान हैं। घटना जमालपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव का है।

# साउथ अफ्रीका के दिग्गज को मुंबई इंडियंस ने बनाया नया कोच, रोहित शर्मा के साथ मिलकर करेंगे काम


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम मुंबई इंडियंस को नया मुख्य कोच मिल गया है। नाम की घोषणा की। साउथ अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज को यह जिम्मेदारी दी गई है। मुंबई की टीम आइपीएल 2023 के नए सीजन में है और इसी वजह से यह टीम विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान बनाती है। मैं अपनी इस जिम्मेदारी को लेकर बेहद उत्साहित हूं और



साउथ अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर और कोच मार्क बाउचर को यह जिम्मेदारी दी गई है। शुक्रवार 16 सितंबर को इस बात की घोषणा की गई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच की भूमिका अदा कर रहे महेला जयवर्धने को टीम ने नई जिम्मेदारी दी है। आइपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को अपनी टीम के नए कोच के अपने नए कोच के साथ टूर्नामेंट में उतरेगी। बाउचर के पास साउथ अफ्रीका की नेशनल टीम को लंबे समय तक कोचिंग देने का अनुभव है। बाउचर ने बताया, ठमुंबई इंडियंस का हेड कोच बनाया जाना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। इस टीम ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट में बेहद ही शानदार कामयाबी हासिल की है। टीम का इतिहास बेहद शानदार टीम का सम्मान बनाए रखते हुए उसे वो सफलता दिलाने की कोशिश करूंगा जिसकी वो चाह रखती है।टीम के बारे में बाउचर ने कहा, ठयह एक बहुत की मजबूत खिलाड़ी है और कप्तानी बेहद सशक्त इंसान के हाथ में है। टीम के खिलाड़ी बहुत ही प्रतिभाशाली हैं। मैं इस शानदार टीम में अपने योगदान से कुछ बेहतर जोड़ने का प्रयास करूंगा।

# ईडन गार्डेंस में होगा लीजेंड्स लीग का आगाज कई पूर्व क्रिकेटर्स आएंगे खेलते नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट का दूसरा संस्करण कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में विशेष प्रदर्शनी मैच के साथ शुक्रवार से जाइंट्स का नेतृत्व इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयान मोर्गन करने वाले थे लेकिन व्यक्तिगत कारण से वे हट गए थे। प्रदर्शनी मैच में इंडिया महाराजास की तरफ से मोहम्मद शुरू होगा। उस दिन ईडन में ही इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जाइंट्स में भिड़ंत होगी। नाकराउंड राउंड से पहले हरेक टीम एक-दूसरे से दो बार भिड़ेगी। पहला



शुरू होगा। आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष में यह खास मैच इंडिया महाराजास और वर्ल्ड जाइंट्स के बीच खेला जाएगा। इंडिया महाराजास का नेतृत्व बीते जमाने के विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग करेंगे जबकि वर्ल्ड जाइंट्स की कमान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आलराउंडर जैक कैलिस संभालेंगे। पहले इंडिया महराजास की अगुआई टीम इंडिया के पूर्व कप्तान व मौजूदा बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली और वर्ल्ड कैफ, यूसुफ पठान, पार्थिव पटेल, इरफान पठान, अजय जडेजा, आरपी सिंह सरीखे खिलाड़ी खेलेंगे, जबकि वर्ल्ड जाइंट्स की तरफ से हर्शल गिब्स, सनथ जयसूर्या, जोंटी रोड्स, मुथैया मुरलीधरन, ब्रेट ली जैसे मशहूर अंततराष्ट्रीय क्रिकेटर शिरकत करेंगे।लीजेंड्स लीग क्रिकेट में इस बार चार टीमें इंडिया कैपिटल्स, गुजरात जाइंट्स, मणिपाल टाइगर्स और भिलवाड़ा किंग्स शिरकत कर रही हैं। टूर्नामेंट का मुख्य मुकाबला 17 सितंबर से क्वालीफायर दो अक्टूबर को जोधपुर में होगा। एलिमिनेटर तीन अक्टूबर और फाइनल पांच अक्टूबर को होगा। एलिमिनेटर व फाइनल कहां होंगे, यह अभी तय नहीं हुआ है। गुजरात जाइंट्स के कप्तान वीरेंद्र सहवाग हैं। मणिपाल टाइगर्स की अगुआई हरभजन सिंह करेंगे। इंडिया कैपिटल्स का कप्तान गौतम गंभीर और भिलवाड़ा किंग्स का इरफान पठान को बनाया गया है।

# टी20 2022 में श्रीलंका के इस खिलाड़ी से सावधान रहें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोलकाता।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन अगले महीने होने वाले टी 20 विश्व कप 2022 से पहले सभी टीमों को आगाह करते कहा कि उन्हें वानिंदु हसरंगा के खिलाफ सावधान रहना होगा क्योंकि यह अबूझ स्पिनर ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर खतरनाक होगा। हसरंगा ने हाल ही संपनन एशिया कप टी20 के स्पिनरों की तुलना में लेग स्पिनर को ज्यादा मदद मिलती है। वह बल्लेबाजों के लिए मुश्किल चुनौती पेश करेगा। बल्लेबाजों को उसके खिलाफ सतर्क रहना होगा। उन्होंने एशिया कप में टीम के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा, '' पिछले कुछ वर्षों से हमारी टीम काफी युवा है। एशिया कप में हमने सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला। वे इस दौरान सर्वश्रेष्ठ टीम लगे और एशिया कप में जीत



टूर्नामेंट 2022 में 9 विकेट झटक कर अपनी टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। मुरलीधरन ने कहा कि टी20 विश्व कप में हसरंगा के प्रदर्शन पर नजरें होंगी। मुथैया मुरलीधरन ने 'लीजेंड्स लीग क्रिकेट' के दूसरे सीजन की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, 'वह टी20 प्रारूप का शानदार गेंदबाज है। पिछले दो-तीन वर्षों में उसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।'' टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया की परिस्थियों में अंगुली के हकदार थे।'' मुथैया मुरलीधरन इस मौके पर दिवंगत महान गेंदबाज शेन वार्न को याद कर भावुक हो गये। उन्होंने वार्न को खुद बेहतर बताते हुए कहा, '' मुझे लगता है कि वह मुझसे बेहतर थे, जब मैं खेल रहा था तो मैं उनसे प्रेरणा लेता था। हम सब उन्हें याद करते हैं।'' मुरलीधरन लीजेंड्स लीग क्रिकेट में मणिपाल टाइगर्स टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आपको बता दें कि श्रीलंका की टीम ने दसुन शनाका की कप्तानी में एशिया कप 2022 के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

# जिम्बाब्वे के टी20 विश्व कप टीम की घोषणा, इन खिलाड़ियों को मौका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में अगले महीने से खेले जाने वाले आइसीसी टी20 विश्व कप के लिए जिम्बाब्वे ने अपने टीम की घोषणा कर दी है। चोटिल चल रहे क्रैग इरविन की वापसी हुई है। वह विश्व कप सितंबर को टूर्नामेंट में उतरने वाली टीम के खिलाडि.यों के नाम का ऐलान किया। चोट की वजह से बाहर चल रहे क्रैग इरविन, तेंदई चतरा, वेलिंगटन मसाकाद्जा और मिल्टन शुंबा की वापसी हुई है। जिम्बाब्वे की टीम ने हालिया दिनों



में टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे। गुरुवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड की तरफ से 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई। 5 रिजर्व खिलाडि.यों के नाम की भी घोषणा साथ ही की गई है। ऑस्ट्रेलिया में 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के लिए लगभग सारी टीमें ही अपने टीम की घोषणा कर चुकी हैं। जिम्बाब्वे ने गुरुवार 15 में बहुत ही अच्छा खेल दिखाया है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया जैसी ताकतवर टीम को वनडे में मात देकर टी20 विश्व कप से पहले अपनी तैयारी का एहसास कराया। टीम को विश्व कप के मुख्य मुकाबलों में पहुंचने के लिए क्वालीफायर में खेलना है। आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के साथ टीम को पूल बी में रखा गया है।

# इंग्लैंड ने निर्णायक टी20 में भारत को 7 विकेट से हराया, 2-1 से सीरीज जीती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज की। पहले भारतीय बल्लेबाजी बुरी तरह से फ्लॉप रही। बल्लेबाजी करते हुए महज तीन ही खिलाड़ी दहाई के अंक तक पहुंचने में कामयाब हो पाए। रिचा घोष ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए बोल्ड हो गई। महज 35 रन के स्कोर पर भारत के 5 विकेट गिर चुके थे। दीप्ति शर्मा, रिचा घोष और पूजा ने आखिर में आकर कुछ रन बनाकर टीम को सम्मानजनक




बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम मेजबान के धारदार गेंदबाजी के आगे 8 विकेट पर 122 रन का स्कोर ही खड़ा कर पाई। जवाब में इंग्लैंड ने 3 विकेट गंवाकर 18.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सीरीज में 2-1 की जीत हासिल की। सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड ने जबकि दूसरा भारत मे जीता था। गुरुवार रात खेले गए टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में जबकि पूजा वस्त्राकर ने 19 रन का योगदान दिया। सोफी एलेक्स्टोन ने 3 विकेट चटकाए जबकि सारा ग्रेन ने 2 विकेट अपने नाम किए टीम इंडिया के टॉप पांच खिलाड़ी दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। ओपनर शेफाली वर्मा 5 जबकि स्मृति मंदाना 9 रन बनाकर वापस लौटी। मेघना और हेमलता अपना खाता तक नहीं खोल पाई जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 5 रन बनाकर क्लीन स्कोर तक पहुंचाया। 123 रन के मामूली लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारत की उम्मीद ओपनिंग जोड़ी ने 70 रन की साझेदारी करके शुरुआत में ही तोड़ डाली। सोफी डंकले 49 रन बनाकर आउट हुए जबकि डेनी वाट 22 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठी। एलिस कैप्सी ने 38 रन की पारी खेल भारत की मैच से पूरी तरह से बाहर कर दिया।

# बायर्न ने बार्सिलोना को दी मात फ्रेंकफर्ट ने मार्सिले को हराया

**लंदन।** बायर्न म्यूनिख ने बार्सिलोना पर दबदबा बरकरार रखते हुए मंगलवार देर रात को यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उसे 2-0 से हरा दिया।बायर्न की टीम को इस मैच में राबर्ट लेवानदोवस्की की बिलकुल भी कमी नहीं खली जो आफ सत्र में उसका साथ छोड़कर बार्सिलोना से जुड़ गए थे। बार्सिलोना को जीत से बायर्न ग्रुप-सी में दो मैच में दो जीत के साथ शीर्ष पर है। अन्य मैचों में लिवरपूल ने 89वें मिनट में जोएल माटिप के गोल से अजाक्स को 2-1 से हराकर यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल के उप विजेता लिवरपूल को 17वें मिनट में मोहम्मद सलाह ने बढ़त दिलाई, लेकिन मोहम्मद कुदुस ने 27वें मिनट में स्कोर 1-1 की। सभी प्रतियोगिताओं में आठ मैच में छह हार के बाद लीवरक्युसेन की यह सत्र की दूसरी जीत है। डिफेंस की नाकामी का खामियाजा मार्सिले को चैंपियंस लीग में एक और हार के साथ चुकाना पड़ा जब यूरोपा लीग विजेता एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट ने स्वदेश में उसे 1-0 से हरा दिया। मार्सिले की टीम 43वें मिनट में पिछड़ गई जब डिफेंस की गलती का फायदा



लेवानदोवस्की से गोल की आशा थी, लेकिन वह अपनी पुरानी टीम के विरुद्ध एक भी गोल नहीं दाग पाए। बायर्न ने शुरुआत से ही बार्सिलोना पर दबदबा बनाया। लेवानदोवस्की के पहले हाफ में गोल करने के कई अच्छे मौके गंवाने के बाद लुकास हर्नांडेज और लेराय साने ने दूसरे हाफ में पांच मिनट के अंतराल में गोल करके बायर्न को 2-0 से बढ़त दिलाई जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इस कर दिया। स्पोर्टिंग लिस्बन भी ग्रुप-डी में छह अंक पर पहुंच गया। टीम ने स्वदेश में अंतिम मिनटों में दो गोल दागकर टाटनहम को को 2-0 से हरा दिया। बायर लीवरक्युसेन ने ग्रुप-बी में एटलेटिको मैड्रिड पर 2-0 से जीत दर्ज की। राबर्ट एंड्रिक (84वें मिनट) और मौसा डायबी (87वें मिनट) ने जेरेमी फ्रिमपोंग की मदद से तीन मिनट में दो गोल दागकर लीवरक्युसेन की जीत सुनिश्चित उठाते हुए मिडफील्डर जेस्पर लडस्ट्राम ने गोल दागा। जापान के मिडफील्डर दाइची कमादा ने 79वें मिनट में फ्रेंकफर्ट की ओर से एक और गोल किया, लेकिन यह आफ साइड हो गया। अन्य मैच में ग्रुप-डी में टाटनहम को स्पोर्टिंग ने 2-0 से हराया और टीम छह अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गई। टाटनहम और फ्रेंकफर्ट के तीन-तीन अंक हैं। टाटनहम की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है।

# फेडरर ने दो दशक में खेले 1500 से ज्यादा मैच, जीती 103 ट्रॉफी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टेनिस जगत के बादशाह फेड एक्स स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर ने लंबी चोट के बाद आखिरकार खेल को अलविदा कहने का मन बना लिया है। गुरुवार को शाम इस महान खिलाड़ी के 24 खिलाड़ी ने उम्र और चोट की वजह से करियर पर विराम लगाने का फैसला लिया। फेडरर ने दुनिया में सबसे ज्याद समय तक नंबर एक रैंकिंग पर बने रहने का रिकॉर्ड बनाया। उनके नाम सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बनने



साल लंबे करियर के सुखत अंत की खबर सामने आई। अपने चाहने वालों के लिए एक वीडियो जारी कर फेडरर ने बताया कि वह इस साल लेबर कर के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। टेनिस कि दुनिया पर दो दशक से अधिक राज करने वाले फेडरर ने 24 साल के करियर में कई रिकॉर्ड बनाए। 41 साल के हो चुके इस महान का खिताब भी रहा था।गोल्ड जीता था। 24 साल के लंबे करियर में 1500 से ज्यादा मुकाबले खेलने वाले फेडरर के नाम 103 ट्रॉफी है।टेनिस रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक फेडरर के नाम नंबर एक बने रहने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने कुल 237 हफ्ते तक पहले स्थान पर रहते हुए नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा बरकरार रखा था।

# स्पेन ने डेविस कप फाइनल्स में सर्बिया को हराया

**वालेंसिया।** स्पेन ने यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अलकराज के बिना भी शानदार खेल का प्रदर्शन करके डेविस कप फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता में सबिर्या को 3-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व में नंबर एक



खिलाड़ी अलकराज एक दिन पहले ही यहां पहुंचे थे और वह पहले दौर के मैच में नहीं खेले। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन जीता था। उनकी अनुपस्थिति में अल्बर्ट रामोस विनोलस ने लासलो सेरे को 2-6, 7-6 (5), 7-5 से, जबकि राबर्टो बतिस्ता अगुत ने मिओमिर केकमानोविक को 7-6 (5), 7-6 (5) से हराकर स्पेन को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद मार्सेल ग्रेनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज ने डबल्स में निकोला कैसिक और दुसान लाजोविक को 6-7 (5), 6-2, 6-2 से हराया। सबिर्या नोवाक जोकोविक के बिना इस मुकाबले में उतरा था। ग्लासगो में ग्रुप-डी के मुकाबले में एंडी मरे की डेविस कप में वापसी निराशाजनक रही। अमेरिका ने इस मुकाबले में ब्रिटेन को 2-1 से हराया। टामी पाल ने डैन इवांस को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर अमेरिका को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन कैमरून नोरी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके टेलर फ्रिट्ज को 2-6, 7-6 (2), 7-5 से हरा दिया। मरे ने 2016 के बाद से डेविस कप में अपना दूसरा मैच खेला। उन्होंने डबल्स में जो सैलिसबरी के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन उन्हें जैक साक और राजीव राम ने 5-7, 6-4, 7-5 से पराजित कर दिया। हैंबर्ग में ग्रुप-सी में जर्मनी ने 1938 के बाद से फ्रांस पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

# राशिफल

**मेष-:** प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए खुद को प्रोत्साहित करें। एक बार ये गुण आपके अंदर रच-बस जाएँ।

**वृष-:** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कारोबारियों को अचानक धन लाभ होगा। कोई खोई हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है, जिसे पाकर मन प्रसन्न हो जायेगा।

**मिथुन-:** आज ज्यादा तनाव से मानसिक और शारीरिक क्षति भी पहुंच सकती है। आप कुछ आराम करें और तनाव को कम करें। पूर्व में की गई मेहनत का फल मिल सकता है।

**कर्क-:** आपका सबसे बड़ा सपना हक़ीक़त में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को क़ाबू में रखें, क्योंकि ज़्यादा ख़ुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**सिंह-:** आज आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि की महिलाएँ रसोई के लिए ज़रूरी सामान की खरीदारी में व्यस्त हो सकती हैं। टेंशन में आप कोई जरूरी सामान भूल सकती है।

**कन्या-:** आज रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश करें। धन लाभ होगा। जीवनसाथी से बहुत ज़्यादा उम्मीदें रखना आपको वैवाहिक जीवन में उदासी की तरफ ले जा सकता है।

**तुला-:** आलस्य और कम ऊर्जा-स्तर पर काबू पाने के लिए किसी सृजनात्मक काम में खुद को व्यस्त रखना बेहतर रहेगा। आर्थिक तौर आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

**वृश्चिक-:** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। किसी मित्र की मदद से आप राहत की सांस लेंगे। इस राशि के कारोबारियों को धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु-:** आज सेहत से जुड़ी समस्याएं आपको परेशानी दे सकती हैं। समूहों में शिरकत दिलचस्प लेकिन खर्चीली रहेगी। जिन दोस्तों से अरसे से मुलाकात नहीं हुई है।

**मकर-:** आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की ज़रूरत है। हालात को क़ाबू में रखने के लिए अपने भाई की मदद लें।

**कुंभ-:** आज आपका दिन बढि.या रहेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोगों के बीच आपकी प्रशंसा होगी। इस राशि के विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**मीन-:** आज हर तरह का निवेश करते वक़्त पूरी सावधानी बरतें। जीवनसाथी के साथ यह एक रोमानी दिन रहेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्धियां प्राप्त होने का योग है।

## सम्पादकीय

# अमेरिका : फेडरल रिजर्व के रुख से बदलती दुनिया

अगर फेड ने 0.75 फीसदी ब्याज बढ़ाया तो इसका असर पड़ेगा और विदेशी निवेशक भारत से पैसे निकालने लग जाएंगे। रिजर्व बैंक क्या रेपो रेट में बढ़ोतरी के परंपरागत हथियार से इसका मुकाबला कर पाएगा? सुब्बा राव तो दर्जन बार बढ़ाकर भी नहीं कर पाए थे।अमेरिका का केंद्रीय बैंक, जिसे फेडरल बैंक कहते हैं, दुनिया की आर्थिक गतिविधियों का सबसे बड़ा केंद्र है और इसका कोई भी बड़ा फैसला काफी असर डाल देता है। इस समय सारी दुनिया की नजरें इस महीने की 21 तारीख को होने वाली उसकी बैठक पर गड़ी हुई हैं। दरअसल फेडरल बैंक ने पिछले दिनों अपनी ब्याज दरों में काफी बढ़ोतरी की है, क्योंकि अमेरिका ऐतिहासिक महंगाई से जूझ रहा है। मुद्रास्फीति की दर आसमान छू रही है, जून में यह 9.2 फीसदी हो गई थी और यह इस समय घटकर आठ फीसदी पर आई है, जबकि फेड चाहता है कि यह दो फीसदी के आसपास रहे। फेड के कामकाज पर नजर रखने वाले कहते हैं कि इस बार फिर फेड ब्याज दरों में 0.75 फीसदी बढ़ोतरी कर सकता है। इसके पहले भी उसने 0.75 फीसदी की बड़ी बढ़ोतरी की है। फेड ब्याज दरें बढ़ाकर अर्थव्यवस्था से अतिरिक्त धन निकालना चाहता है।जब ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, तो लोग पैसा बाजार में खर्च करने के बजाय बांडों में लगाना पसंद करते हैं। यह माना जाता है कि बढ़ी हुई ब्याज दरें बाजार से अतिरिक्त धन को बाहर निकल देती हैं, जिससे महंगाई पर असर पड़ता है। डॉलर भी महंगा हो जाता है और रुपये की कीमत गिरने लगती है, जिसका असर व्यापार संतुलन पर पड़ता है, जो निगेटिव हो जाता है। यानी व्यापार घाटा बढ़ने लगता है। डॉलर महंगा होने से सबसे बड़ा असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है, जिनमें तेजी आती है। इसके असर से देश में महंगाई बढ़ जाती है। आज सारी दुनिया महंगाई के लपेटे में है, जिसका मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर भारी असर हुआ। इससे एक समय तो कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 150 डॉलर प्रति बैरल हो गई थीं। अभी हालात में काफी सुधार है और यह 90 डॉलर के आसपास है। लेकिन सदिन्यां आ रही हैं और इसके दाम फिर बढ़ सकते हैं, क्योंकि अमेरिका, यूरोप तथा अन्य ठंडे देशों में ऊर्जा के लिए कच्चे तेल की मांग काफी बढ़ जाती है। इस समय दुनिया ऊर्जा के संकट से जूझ रही है, जिसका ओपेक देश जमकर फायदा उठा रहे हैं। भारत इस समय महंगाई की चपेट में है। ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि अगस्त महीने में महंगाई की दर 6.71 फीसदी से बढ़कर 7 फीसदी हो गई, जो जनता को रुलाने के लिए काफी है। खाने-पीने की चीजों की कीमतें 7.62 फीसदी बढ़ गई हैं। अब भारत में भी रिजर्व बैंक इसे नीचे लाने के लिए कदम उठाएगा, क्योंकि उसे महंगाई को छह फीसदी से नीचे रखना है। उसके पास ब्याज ही एक बड़ा हथियार है, जिससे वह इस दिशा में प्रयास करता है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक यह उपाय करते हैं। लेकिन जब अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ाई जाती हैं, तो उससे दुनिया भी हिल जाती है। कीमतों पर लगाम लगने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था व्यवस्थित है और उसमें नकदी का प्रवाह बहुत ही कम है और दूसरी बात यह भी है कि वहां हमारी तरह काला धन अर्थव्यवस्था में रचा-बसा नहीं है। इस कारण से वहां तो सफलता मिलती है, लेकिन भारत में नहीं के बराबर। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पूर्व गवर्नर सुब्बा राव के ज़माने में देखने को मिला। उन्होंने महंगाई को थामने के लिए 12 बार रेपो रेट बढ़ाया और ब्याज दरों को 8.25 फीसदी पर पहुंचा दिया। फिलहाल तो भारत में ऐसी संभावना नहीं दिखती है, लेकिन अगर महंगाई पर लगाम नहीं लगी, तो इस परंपरागत अस्त्र का इस्तेमाल करने में शक्तिकांत दास नहीं चूकेंगे। भारत की समस्या है कि यह निर्यातोन्मुखी अर्थव्यवस्था नहीं है। हमारी अर्थव्यवस्था खपत पर आधारित है और हमारा व्यापार घाटा काफी बड़ा है। ऐसे में जब डॉलर महंगा हो जाता है, तो यह फासला और बढ़ जाता है। अगर फेड ने 0.75 फीसदी ब्याज बढ़ाया तो इसका असर इस पर पड़ेगा और विदेशी निवेशक भारत से पैसे निकालने लग जाएंगे। रिजर्व बैंक क्या रेपो रेट में बढ़ोतरी के परंपरागत हथियार से इसका मुकाबला कर पाएगा सुब्बा राव तो दर्जन बार बढ़ाकर भी नहीं कर पाए थे।

# 'न' कहने पर जलती, मरती लड़कियां

उस दिन रोटी सेकते हुए अचानक हाथ की एक उंगली का पिछला हिस्सा गर्म तवे से टकराया। कुछ सेकेंड्स के लिए मैं तिलमिला गई। तुरन्त जले हिस्से पर माँ की बताई सलाह के हिसाब से आटे की लोई लगाई। इसके बावजूद एक नन्हा सा फफोला उस जगह पर उभर आया। करीब 10 दिनों तक जलन, दर्द और टीस तकलीफ देती रही। फफोला फूटने पर उस जगह जितनी बार साबुन लगता, सेनेटाइजर लगता, मैं तिलमिला कर रह जाती।



आज यह सोचकर ही दिल में घाव सा दर्द होता है कि वो बच्ची जिसने जीवन में सिर्फ अपने हिस्से का आसमान पाने की आरजू की होगी, जब रात मीठी नींद में सपनों की सैर करते हुए, अचानक उसे आग के हवाले कर दिया गया होगा तब उसे कैसा लगा होगा। अधमुंदी, उनींदी पलकों से वो चीख भी पूरी तरह नहीं पाई होगी। और कुछ दिन तड़पने के बाद उसके शरीर के साथ उसके सपने भी खाक हो गए। उसकी गलती महज यह थी कि उसने एक सिरफिरे की मित्रता को अस्वीकार कर दिया था। मित्रता का निवेदन ठुकराया जाना उस कथित युवक के पौरूष को आघात की तरह लगा और उसने उस लड़की की जान लेने का ही इरादा कर लिया। जितनी आसानी से उसने दोस्ती का हाथ बढ़ाया था उतनी ही आसानी से उसने लड़की पर तेल डालकर आग लगा दी। बस यूं ही, हमारे देश में सड़क पर गुटका थूकने जितना आसान हो गया है यह! अभी दुमका की इस घटना को चंद घण्टे ही बीते होंगे कि एक और नाबालिग बच्ची का शव पेड़ से लटका मिला। इस बच्ची के साथ अमानवीयता की गई और फिर मारकर उसका शव पेड़ से लटका दिया गया। देश के किसी एक हिस्से से ये दो घटनाएं भर नही हैं। सिर्फ पिछले एक महीने का अखबार उठाकर देखिए लड़के द्वारा पीछा किये जाने, दोस्ती करने के लिए दबाव बनाने, जबरदस्ती करने आदि के कारण कई किशोरियों और युवतियों ने आत्मघाती कदम उठा लिया या उन्हें मार डाला गया। कभी चाकू से गोदकर, कभी तेजाब फेंक कर तो कभी जला कर। लड़कियां मर गईं और भेड़िए जीतते गए। इअस्सी का दशक था। मेरे पिताजी की पोस्टिंग उस समय एक दूरस्थ गांव में थी जहां एक अदद स्कूल का मिलना भी मुश्किल था। लिहाजा मुझे नानी के पास शहर में पढ़ने के लिए छोड़ा गया। साल में दो बार पापा-मम्मी मुझसे मिलने आते और जाहिर था 10-15 दिनों की इस अवधि में मम्मी-पापा साल भर के सन्हे को लुटाने का प्रयास करते। मैं नानी के घर की सबसे लाडली और सबसे छोटी सदस्य थी लिहाजा सन्हे और दुलार यहां भी भरपूर था। पापा जब भी आते, हम लोग लगभग रोज आइसक्रीम खाने जाते। ऐसे ही एक दिन पापा मुझे और मेरी बहन को बाजार लेकर चले। उस समय भी उस शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में बसें चला करती थीं। बस में बहुत भीड़ थी। पापा हमारे आगे खड़े हुए, मेरी छोटी बहन बीच में और मैं सबसे आखिर में। मेरे पीछे एक आँटी थीं और उनके पीछे एक अंकल। मुश्किल से 5 साल उम्र रही होगी मेरी। एक स्टॉप पर वो आँटी उतर गईं। अगला स्टॉप हमारा था। पापा ने इशारा किया और मैं मन ही मन आइसक्रीम के फ्लेवर्स सोचने लगी कि स्टॉप आ गया। पापा बहुत तेजी से बहन का हाथ पकड़ आगे बढ़े और इसके पहले कि मैं आगे बढ़ती पीछे वाले अंकल ने मुझे पकड़कर पीछे की ओर खींचा। ये सबकुछ उस वक्त हो रहा था जब दिन का सूरज तेजी से हमारे सिर पर चमक रहा था और बस में करीब 50 लोग बैठे और खड़े थे। उस आदमी के दोनों हाथ मेरे कंधो को जकड़े थे और को मुझे खुद से सटाने की पूरी कोशिश में था। कुछ सेकेंड्स तो मुझे कुछ समझ ही नहीं आया। तब तक पापा और बहन नीचे उतरने की प्रक्रिया में थे और जैसे ही पापा ने मेरी ओर देखा मैंने पूरी ताकत लगा कर खुद को छुड़ाया और उनकी तरफ भागी। मैं लगभग कूदते हुए बस से नीचे उतरी। सरकती हुई उस बस से झांकता उस आदमी का चेहरा अब भी मुझे याद है। वो उतनी ही बेशर्मी से मुस्कुराता हुआ, कुटिलता से मेरी ओर देख रहा था। पापा को इसकी भनक भी नहीं थी कि अभी अभी क्या हुआ है। वो हम दोनों बहनों का हाथ पकड़ हमें सुरक्षित फुटपाथ पर चढ़ा रहे थे। खुद मुझे भी सिर्फ इतना समझ आया था कि जो हुआ वह सही नहीं था। हालांकि थोड़ी ही देर में आइसक्रीम के स्वाद ने मुझे उस डर से उबार लिया। लेकिन आज भी मुझे वह घटना जस की तस याद है। कई बातें हैं जो मुझे अब समझ आती हैं। मैं उस समय न चिल्ला पाई, न किसी से कुछ कह पाई। 5 साल की एक बच्ची जो अपने आस पास एक सुरक्षित माहौल से घिरी रहती है, जिसे नही मालूम कि लोग ऐसे भी हो सकते हैं उसके लिए यह घटनाक्रम किसी सदमे से कम नहीं रहा होगा। शायद इसलिए मैं चीख भी नहीं पाई क्योंकि मुझे नही मालूम था कि इस तरह के व्यवहार के लिए रिएक्ट कैसे करना है। दुमका की उस घटना के बाद से ही कई सवाल उस लड़की के चरित्र और हरकतों (?) को लेकर भी उछल रहे होंगे। मसलन हो सकता है लड़की ने ही लड़के को बढ़ावा दिया हो, लड़की का ही चाल चलन खराब रहा होगा या लड़की हद में नहीं रही होगी आदि, इत्यादि। इसके बिल्कुल विपरीत जुर्म करके भी हंसते हुए पुलिस कस्टडी में अकड़ कर चल रहे लड़के को अब तक समाज ने बरी करने की प्रोसेस चालू भी कर दी होगी। मसलन, इस उम्र में गलतियां हो जाती हैं, जवानी का जोश रहा होगा, जरूर लड़की ने अपने व्यवहार से लड़के को भड़काया होगा, आदि जुमलों के साथ। कोई भी यह नहीं सोच रहा कि लड़की की निजी ज़िन्दगी में जो भी रहा होगा, उसे इस तरह जला कर मार देने का अधिकार और इतना आत्मविश्वास लड़के के पास कैसे आया ये तो वो किस्से थे जो दबाने की तमाम कोशिशों के बाद निकलकर सामने आ गए। वरना तो ऐसे किस्सों से अखबार के पनन्े उपन्यास बन जाते।

# इतना जटिल क्यों है भारत का भूमि बाजार, इन मूलभूत बाधाओं को दूर करना बड़ी चुनौती

बुरी तरह से संचालित भारतीय भूमि बाजारों की आर्थिक लागत क्या है? जमीन से संबंधित खबरें और सार्वजनिक नीतियां अक्सर सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूमती हैं, जैसे टाटा नैनो सिंगुर मामला या भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (एलएआरआर) अधिनियम, 2013। भूमि बाजारों में गड़बड़ी या इससे जुड़े विवाद के कई कारण हैं। कई दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों की तरह भारत की जटिल विरासत प्रणाली के चलते भूमि के छोटे-छोटे टुकड़े हो गए हैं, और समय के साथ भूमि का विखंडन बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2015 में देश में कृषि योग्य भूमि की औसत जोत का आकार 1.1 हेक्टेयर (2.7 एकड़) था, जो 1971 के 2.3



हेक्टेयर (5.7 एकड़) से कम था। छोटे-छोटे टुकड़ों के अलावा अस्पष्ट मालिकाना हक और सुस्त अदालतें देश में जमीन की खरीद को जोखिम भरा बना देती हैं। इसके अलावा, कृषि उपयोग वाली जमीन खरीदने में नौकरशाही और कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। भूमि विवाद भारतीय अर्थव्यवस्था के कई पहलुओं को प्रभावित करता है। जैसे, बदतर तरीके से चालित भूमि बाजार भारतीय शहरों के आकार और विकास, आंतरिक प्रवास, बुनियादी ढांचे के विकास, पसंदीदा फसल, किसानों की आय, विनिर्माण उत्पादकता और विकास तथा अर्थव्यवस्था के संरचनात्मक बदलाव को प्रभावित करते हैं। भारत में 68 फीसदी कृषि जोत को सीमांत खेत माना जाता है, जो एक हेक्टेयर से कम होता है। इसके विपरीत पाकिस्तान और अमेरिका में क्रमशः 36 फीसदी और शून्य फीसदी सीमांत खेत हैं। नीतियों एवं विनियंत्रण के कारण छोटे भूखंड चकबंदी को कठिन बनाते हैं और कृषि उत्पादकता को नुकसान पहुंचाते हैं। शोध से पता चला है कि स्वतंत्रता के बाद सख्त बंटाई कानूनों के चलते बंटाईदारी घट गई, जिससे कृषि उत्पादकता में औसतन 38 प्रतिशत की कमी आई है। इसका एक और नतीजा यह है कि सीमांत खेतों में पर्याप्त मशीनों का उपयोग नहीं हो सकता, न ही नकदी फसलों की खेती हो सकती है। यानी ऐसे खेतों से ज्यादा लाभ नहीं उठाया जा सकता। भारत में दो फीसदी विनिर्माण कंपनियों के पास दस या उससे ज्यादा कर्मचारी हैं, जबकि मैक्सिको और अमेरिका में ऐसी कंपनियों की संख्या क्रमशः आठ और चालीस फीसदी है। यह बड़ी समस्या है, क्योंकि बड़ी कंपनियां कम शिक्षित श्रमिकों के लिए ज्यादा रोजगार पैदा करती हैं। बड़ी भारतीय कंपनियां (दस या ज्यादा कर्मचारियों वाले) 35 फीसदी विनिर्माण श्रमिकों को रोजगार देती हैं, जबकि मैक्सिको में ऐसी कंपनियां 78 फीसदी विनिर्माण श्रमिकों को रोजगार देती हैं। भारत में विनिर्माण कंपनियों के विकास न करने का एक कारण भूमि विवाद भी है। यदि कोई कंपनी अपना विस्तार करना या एक नई फैक्टरी लगाना चाहती है, तो उसे जरूरी भूमि अधिग्रहण के लिए सौ से ज्यादा भूस्वामियों से बात करनी पड़ती है। ऐसा परिवहन उपकरण और रसायन निर्माण जैसे उद्योगों के मामले में खासकर होता है। अमेरिका और भारत में ऑटोमोबाइल संयत्र के लिए भूमि अधिग्रहण के उदाहरण से इसे बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। इंडियाना में अपने फोर्ट वायने ऑटो संयंत्र के लिए कंपनी के महानिदेशक ने 29 भूस्वामियों से 379 हेक्टेयर भूमि दो महीने में खरीद ली। जबकि टाटा नैनो संयंत्र मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने 12,000 भूस्वामियों से 13,970 से अधिक भूखंडों को मिलाकर 404 हेक्टेयर भूमि एकत्र की थी। मैंने अपने शोध में पाया कि भूमि विवाद के चलते विनिर्माण कंपनियां टुकड़ों में भूमि अधिगृहीत करती हैं, और कई बार जमीन हासिल करने के लिए वर्षों इंतजार करती हैं। सरकारी कंपनियों की तुलना में निजी कंपनियां छोटे-छोटे टुकड़ों में जमीन खरीदती हैं। इसके अलावा कंपनियों को जमीन की कीमत से ज्यादा खर्च पर्याप्त भूखंड एकत्र करने में करना पड़ता है। भूमि एकत्रीकरण की लागत दो रूपों में आती है-निश्चित लागत और परिवर्तनीय लागत। अपने यहां भूमि एकत्रीकरण के मामले में परिवर्तनीय लागत निश्चित लागत से ज्यादा मायने रखती है। प्रति हेक्टेयर परिवर्तनीय भूमि एकत्रीकरण लागत भूमि के आकार के साथ बढ़ती है। इसलिए बड़ी कंपनियों के लिए लागत बहुत ज्यादा होती है। ऐसा भूखंडों के छोटे आकार एवं अस्पष्ट मालिकाना हक के कारण होता है। निजी कंपनियों को सरकारी कंपनियों की तुलना में तीन गुना ज्यादा भुगतान करना पड़ता है। कई राज्यों में कंपनियां भूमि के लिए विक्रय मूल्य से दो गुना ज्यादा भूमि एकत्रीकरण के लिए भुगतान करती हैं। हमें समझना चाहिए कि सीमांत कृषि भूमि पर खेती आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है और लाखों परिवारों के लिए आय का एकमात्र स्रोत है, भले ही उसका उत्पादक रूप से उपयोग न किया गया हो। भले ही हम केवल सीमांत किसानों के लाभ को अधिकतम करने की परवाह करते हों, पर ऐसा कोई कारण नहीं है कि कृषि क्षेत्र में भूमि समेकन नीतियां आज भारत में अवैध हैं। भूमि एकत्रीकरण टकराव को देखते हुए भारत में बाजार समाधान कामयाब नहीं होने वाला है, जिसमें बिचौलिए सौदेबाजी करते हैं और जब तक अधिकतम लाभ नहीं मिलता, जमीन को खरीदते- बेचते रहते हैं। ऐसे में हमारे पास दो संभावनाएं बचती हैं। पहली संभावना लैंड पूलिंग नीतियां हैं, जो कई राज्य सरकारें वर्तमान में विभिनन्न पैमानों पर कर रही हैं। लैंड पूलिंग निश्चय ही विनिर्माण कंपनियों की कुल लागत कम करेगी और उनकी विकास दर में वृद्धि करेगी। दूसरी संभावना सरकारी एवं निजी कंपनियों के लिए भूमि एकत्रीकरण लागत कम करने की है।

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया: फ्रांस के महान फ़िल्म निर्देशकों के सफर पर एक नजर

अगर फ्रांस के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशकों की बात करें तो सबसे ऊपर नाम आता है फ्रांसुआ त्रुफ़ो का। 1932 में जन्में त्रुफ़ो न केवल फ़िल्म निर्देशक थे वरन फ़िल्म लेखक, अभिनेता, समीक्षक तथा प्रोड्यूसर भी थे। प्रतिदिन 5-7 फ़िल्म देखने वाले त्रुफ़ो की मृत्यु 1984 में 21 अक्तूबर को ब्रेन ट्यूमर के




कारण हुई। त्रुफ़ो का बचपन नानी के यहाँ बीता। बाद में उन्हें महान फ़िल्म समीक्षक आंद्रे बाजाँ और फ़िल्म संग्राहक हेनरी लेंगलुआ, दो संरक्षक मिले। त्रुफ़ो 'काइए न्यू सिनेमा' (सिनेमा की डायरी) के संपादक थे।सिनेमा जीवन से अधिक आवश्यक है' कहने वाले त्रुफ़ो फ़िल्म समीक्षा के साथ फ़िल्मे भी बनाने लगे। परीक्षण के लिए 1954 में उन्होंने लघु फ़िल्म बनाई। 1957 में उन्होंने प्रमुख फ़िल्म डिस्ट्रिब्यूटर की बेटी मेडेलिन मोर्गेन्स्टेर्न से शादी की और इसी साल अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई तथा 28 फ़िल्में बनाई। 16 फ़िल्मों में उन्होंने अभिनय भी किया एल्फ्रेड हिचकॉक के प्रशंसक फ्रांसुआ त्रुफ़ो की फ़िल्मों के कथानक जुनून, औरत, बचपन तथा विश्वास होते हैं। 'फ़ोर हंड्रेड ब्लोज', 'ले मिस्तो', 'द सॉफ़्ट स्किन', 'शूट द प्यानो प्लेयर', 'जूल्स एंड जिम', 'फ़ेरेनहीट 451', 'स्टोलेन किसेस' आदि उनकी कुछ प्रसिद्ध फ़िल्में हैं।'फ़ोर हंड्रेड ब्लोज' के अंतिम दृश्य में कैमरे का फ्रीज़ होना महज एक संयोग होते हुए भी सिनेमा की दुनिया का अविस्मरणीय दृश्य है, जिसका अध्ययन किया जाता है। इस फ़िल्म ने उन्हें कान फ़िल्म समारोह में सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार दिलाया। अपनी फ़िल्म 'ले मिस्तो' (नटखट बच्चे) को काट-छांट कर 26 मिनट से 17 मिनट का कर दिया, जिसमें पांच किशोर लड़के एक युवती का पीछा करते हैं, उसके प्रेम में बाधा डालने का प्रयास करते हैं। बाल मनोविज्ञान की यह फ़िल्म अवश्य देखनी चाहिए। 'सिटिजन केन' देख कर त्रुफ़ो ने कहा, पक्का है मैं किसी व्यक्ति को इतना प्रेम नहीं करता जितना इस फ़िल्म से करता हूँ। फ्रांसीसी निर्देशकों में ज्याँ ल्युक गोदार्द का नाम बहुत ऊँचा है, अध्ययन-अध्यापन के लिए उनका प्रयोग किया जाता है लेकिन आम दर्शकों में वे बहुत लोकप्रिय नहीं हैं। 30 दिसम्बर 1930 को एक धनी फ्रेंको-स्विस परिवार में जन्मे गोदार्द को अपने जुनून यानि फ़िल्म बनाने केलिए कई तरह के काम करने पड़े। 'मैं टाइमपास केलिए फ़िल्म बनाता हूँ' कहने वाले गोदार्द ने हैन्स लुकास छद्म नाम से लेखन किया।गोदार्द ने 'ऑपरेशन कॉन्क्रीट', 'ऑल द ब्यॉज आर कॉल्ड पैट्रिक', 'शार्लट एंड हर ब्यॉफ्रैंड', 'ए वूम इज ए वूमन' आदि छोटी-बड़ी मिला कर करीब 131 फ़िल्में बनाई जिनमें से कई कभी रिलीज नहीं हुई। उनकी फ़िल्म 'ब्रेथलेस' (एक छोटे-मोटे चोर की कहानी) को समीक्षकों का खूब ध्यान मिला तथा इसे कई पुरस्कार भी मिले। इसी फ़िल्म से 'जम्प-कटिंग' एवं 'इगनेरिंग द 180 डिग्री लाइन' का प्रारंभ माना जाता है। उनका एक प्रसिद्ध वाक्य है-लेखक, प्रोड्यूसर तथा फ़िल्म निर्देशक ल्युक बेसन ने 'द बिग ब्लू', 'द फ़िफ़्थ एलिमेंट', 'लूसी', 'निकिता', 'द लेडी' जैसी फ़िल्में बनाई। 'जून एंड जॉन, तथा 'डॉगमैन' उनकी आने वाली (2023 में) फ़िल्में हैं।फ्रांसीसी अभिनेता, स्क्रीनप्ले राइटर, निर्देशक ज्याँ रेनुआं से हिन्दी सिने-दर्शक भली-भाँति परिचित हैं। वही रेनुआं जिनकी फ़िल्म 'टोनी' से सत्यजित राय के अलावा कई फ़िल्म निर्देशक प्रेरित हुए। वे भारत आए और भारत पर 'द रिवर' नामक फ़िल्म बनाई। इसके अलावा 'द गोल्डेन कोच', 'द रूल्स ऑफ़ द गेम', 'ग्रैंड इल्युशन' उनकी अन्य फ़िल्में हैं।फ्रांस के ही हैं रॉबर्ट ब्रेसन। ब्रेसन ने भी फ़िल्म लेखन तथा निर्देशन दोनों किया। 17 फ़िल्मों का लेखन करने वाले ब्रेसन ने 'फ़ोर नाइट्स ऑफ़ ए ड्रीमर', 'ए जेंटल वूमन', 'मुस्टैच', 'द ट्रायल ऑफ़ जॉन ऑफ़ आर्क', 'पिकपॉकेट', 'ए मैन स्केप्ड' जैसी तमाम फ़िल्में बनाई। इनकी निर्देशित फ़िल्म 'डायरी ऑफ़ ए कंट्री प्रीस्ट' खूब सराही गई। जॉर्ज बेर्नानोस के उपन्यास पर आधारित यह फ़िल्म पेट की रहस्यमयी बीमारी से ग्रसित एक युवा पादरी को अपनी ड्युटी निभाने का प्रयास करते हुई दिखाती है। समीक्षकों के द्वारा इसे खूब सराहा गया, इसे कई पुरस्कार प्राप्त हुए। मशहूर निर्देशक लुइस माल



34 फ़िल्मों के निर्देशक लुइस माल ने सदा जिंदगी का अर्थ जानने और जिंदगी की खोज करने केलिए फ़िल्में बनाईं। फ्रांस के नोर्ड में जन्में माल का परिवार नहीं चाहता था कि वे फ़िल्म बनाएं, लेकिन बाद में उन्हें इसकी पढ़ाई की अनुमति दे दी। उन्होंने सिनेमाटोग्राफ़ी की शिक्षा ली। प्रारंभ में उन्होंने कैमरामैन का काम किया लेकिन शीघ्र को-डॉयरेक्टर और फ़िर डॉयरेक्टर बन गए। उन दिनों परदे पर प्रेमासक्ति दिखाना वर्जित था मगर माल ने 'द लवर्स' बना कर इस निषेध को समाप्त किया। एटलांटिक सिटी', 'क्राकर्स, एलेवेटर टू द गेलोस', 'माई डिनर विथ एंड्रे', 'द थीफ़ ऑफ़ पेरिस' जैसी फ़िल्म बनाने वाले लुइस माल छः महीने भारत में रहे और उन्होंने 1969 में 'कलकत्ता' नाम से फ़िल्म बनाई। इसके साथ ही उन्होंने सात भाग में 'फ़ैंथम इंडिया' नाम से एक टीवी श्रृंखला बनाई, जिसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली। 'द फ़ायर विदइन' आत्महत्या को चित्रित करती है, तो 'मर्मर इन द हार्ट' माँ-बेटे के वर्जित संबंध पर आधारित है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड दोनों में काम करने वाले माल की फ़िल्मों का एक अन्य कथानक सामाजिक अलगाव की भावना तथा वीरानापन रहा है। उन्होंने लेखकों, नाटककारों के संग मिल कर एवं उनके काम पर फ़िल्में बनाई। लुइस माल ने अपने बचपन की एक स्मृति के आधार पर एक फ़िल्म फ्रेंच भाषा में बनाई 'अउ रिवोइर लेस एनफ़ेंट्स' जिसका इंग्लिश में तर्जुमा होगा 'गुडबाई, चिल्ड्रेन'। उन्होंने स्कूली दिनों में स्वयं नाजी सैनिकों का अत्याचार देखा था। फ़िल्म की घटना उनकी आखों के सामने स्कूल में घटी थी। इस फ़िल्म में एक पल में चार जिंदगियां बदल जाती हैं। स्व-अनुभूति आधारित इस फ़िल्म को उन्होंने खुद लिखा था और इस फ़िल्म का प्रीमियर देखते हुए वे रो रहे थे। इस अति सुंदर फ़िल्म में 12 साल का जूलियन लुइस माल का प्रतिरूप है। फ्रांस में कई अन्य फ़िल्म निर्देशक हुए हैं पर सिने-प्रेमी जॉर्ज मिलिएस को भला कैसे भुला सकते हैं। 1861 में जन्मे सिनेमा के पीछे पागल इस व्यक्ति ने सिनेमा के शुरुआती दौर में कई तकनीकि और कथानक विकास किए। इसने स्पेशल इफ़ैक्ट्स, मल्टिपल एक्सपोजर, टाइम-लैप्स फ़ोटोग्राफ़ी, डिजॉल्व, हैंड पेंटेड कलर आदि तमाम चीजों का सिनेमा में विकास किया। लेकिन आज भी इसे 1902 में 'ए ट्रिप टू द मून' तथा 'द वोयज एक्रॉस द इम्पोसिबल' (1904) केलिए याद किया जाता है। दोनों फ़िल्में अनोखी अतियथार्थवादी यात्रा तथा प्रारंभिक साइंस फ़िक्शन फ़िल्म्स के लिए जानी जाती हैं। मार्टिन स्कॉरसेसि ने 2011 में 'ह्यूगो' फ़िल्म बना कर जॉर्ज मिलिएस को श्रद्धांजलि दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजेपी को बिहार में सहयोगियों की तलाश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पटना।** बिहार में सत्ता से बाहर होने के बाद भारतीय जनता पार्टी को नए सहयोगियों की तलाश है। उसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के सात दलों से मुकाबला के लिए तैयारी करनी है। इसी कड़ी में खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान कहते रहे पुराने सहयोगी चिराग पासवान के अतिरिक्त कुछ अन्य दलों और जातीय क्षत्रपों पर भी बीजेपी की नजर है। ये ऐसे क्षत्रप हैं, जो महागठबंधन में सहज महसूस नहीं कर पा रहे हैं। अंदरखाने में मुकेश सहनी को भी साधने की चर्चा है। बीते विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बीजेपी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन जगहों पर अपने उम्मीदवार उतारे, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में एलजेपी व बीजेपी के साथ शामिल जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार मैदान में थे। इससे



जेडीयू को सीटों का घाटा हुआ। माना गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कद को कम करने के लिए इसमें चिराग को बीजेपी का अप्रत्यक्ष समर्थन हासिल था। चुनाव के दौरान चिराग ने खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बताया तथा उनसे निकटता जताने का कोई भी अवसर हाथ से जाने नहीं दिया। चुनाव के बाद मुख्?यमंत्री नीतीश कुमार व चिराग पासवान की राजनीतिक अदावत खुलकर सामने आई। माना जाता है कि नीतीश कुमार के दबाव में बीजेपी ने चिराग से किनारा कर लिया। इस बीच जब एलजेपी दो-फाड़ हो गई, तब बीजेपी ने विद्रोह कर चिराग से अलग होने वाले उनके चाचा पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में शामिल करते हुए उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बना दिया। अब लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान एनडीए में हाशिए पर जाते दिखे।

# नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी ने कड़ा कदम उठाते हुए नया फरमान जारी किया


**शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए हितग्राहियों से अगर किसी व्यक्ति ने पैसे मांग कि तो उसे सलाखों के पीछे पहुंचायेगेः अध्यक्ष नपा मैहर**




**(आधुनक समाचार सवा)**
**मैहर।** नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी को कुछ वाडी से विकास कार्य करवाने एवं शासन की योजनाओं को लाभ पहुंचाने के एवज में पैसे मांगने की शिकायत मिली, जहां अध्यक्ष ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए नया फरमान जारा कर नगर पालका अतगत आने वाले सभी वाडी के लाभान्वित हितग्राहियों से अपील और प्रार्थना करते हुए कहा कि शासन की जन कल्याणी जैसे आवास योजना, आयुष्मान कार्ड या फिर अन्य योजनाओं के प्रति लाभ दिलाने के एवज में कोई व्यक्ति द्वारा किसी भी हितग्राही से अगर पैसे की माग अगर का जाता ह, ता किसा का पैसे देने की आवश्यकता नहीं है बल्कि आप नीचे दिए गए हमारे नंबर पर बिना डरे सहमे उस व्यक्ति की शिकायत कर सकते हैं। जिससे हमारे द्वारा उस व्यक्ति पर कानूनी कार्यवाही करवा सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया जा सके।

# अर्थव्यवस्था में वृद्धि के लिए चीन को चुकानी पड़ी भारी कीमत

**बीजिंग।** चीन पिछले चार दशकों में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। लेकिन चीन में व्यापक भ्रष्टाचार, पर्यावरण क्षरण, खाद्य सुरक्षा और आय असमानताओं की लागत के मुद्दें हावी हैं। की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व बैंक के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य अर्थशास्त्री प्रोफेसर जस्टिन



यिफू लिन की 2008 से 2012 की एक रिपोर्ट में चीन को अपनी आर्थिक सफलता के लिए कई संस्थागत कीमत चुकाने के बारे में बताया गया है। बता दें कि चीन ने 2018 में एक नियोजित अर्थव्यवस्था से एक बाजार अर्थव्यवस्था में अपने बदलाव की 40वीं वर्षगांठ मनाई और यह एक आश्चर्यजनक सफलता थी। 1978 में देश को पूरी तरह दुनिया के लिए निलंबित कर दिया गया। यह एक गरीब देश था। यहां प्रति व्यक्ति आय उप-सहारा अफ्रीकी देशों के एक तिहाई से भी कम था। चीन के 80 प्रतिशत से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते थे, जिनमें अधिकतर अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा से नीचे रह रहे थे और चीन की एक बंद अर्थव्यवस्था थी, जहां व्यापार ने अपने सकल घरेलू उत्पाद का 10 प्रतिशत से भी कम बनाया। पिछले 40 वर्षों में वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर औसतन 9.4 प्रतिशत थी और व्यापार में 14.8 प्रतिशत की औसत दर से वृद्धि हुई। कुछ ही समय में चीन, जापान को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह जर्मनी को पछाड़कर सबसे बड़ा निर्यातक था। यह 'क्रय शक्ति समता' और सबसे बड़ी व्यापारिक अर्थव्यवस्था द्वारा मापी गई सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया। प्रोफेसर जस्टिन यिफू लिन ने कहा कि चीन ने अपनी अभूतपूर्व सफलता की कीमत चुकाई। पर्यावरण को नुकसान पहुंचा और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों के अलावा व्यापक भ्रष्टाचार और आय असमानता हावी हो गया। उन्होंने कहा, '1978 से पहले चीन में एक अनुशासित और स्वच्छ नौकरशाही प्रणाली और एक समानतावादी समाज था। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित भ्रष्टाचार सूचकांक के अनुसार, चीन 2016 में 176 देशों में 79 वें स्थान पर था।

### सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को जाएंगे पूंजी बाजार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को लेकर इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। उन्होंने गुरुवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) का टोल राजस्व अगले तीन साल में सालाना 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, 'इस महीने सड़क परियोजनाओं के लिए मैं धन जुटाने को लेकर पूंजी बाजार का रुख करूंगा।

# जमीनी विवाद में भतीजे ने खेला खूनी खेल, बिछिय थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठी का है पूरा मामला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** रीवा में बीती रात हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र कोठी गांव में एक भतीजे ने अपने ही चाचा पर कुल्हाड़ी से ताबड़.तोड़. हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी भतीजा खून से सनी हुई कुल्हाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई और आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कोठी निवासी हरिशंकर मिश्रा गुरुवार की रात तकरीबन 9 बजे अपने घर पर ही थे तभी उनका भतीजा क्षितिज मिश्रा वहां पहुंचा और उनके साथ गाली गलौज करने लगा। चाचा ने जब भतीजे को गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने पास में ही पड़ी कुल्हाड़ी उठाकर चाचा पर हमला बोल दिया और उसने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ कई वार किये जिससे चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान शोर शराब सुनकर परिजन जब घर से बाहर आए तो आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी हाथ में लेकर खड़ा था जिसे वह अपने साथ ही लेकर फरार हो गया। घायल को परिजन आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फिलहाल शव को अस्पताल की मरचुरी में शिफ्ट करा दिया है और आरोपी की तलाश में अलग अलग ठिकानों में दबिश दे रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी भतीजा व मृतक चाचा के बीच पुराना जमीनी विवाद था। दोनों परिवार के बीच पुस्तैनी जमीन के हिस्साबांट को लेकर रंजिश थी। माना जा रहा है कि आरोपी ने इसी रंजिश के चलते चाचा की हत्या जैसी घटना को अंजाम दिया है फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या का सही कारण स्पष्ट होगा जिसकी तलाश पुलिस द्वारा सरगर्मी के साथ की जा रही है। सामने रखी कुल्हाड़ी बनी मौत का कारण गांव वालों की मानें तो विवाद के दौरान सामने कुल्हाड़ी दिख गई। ऐसे में आक्रोशित भतीजा सिर पर कई वार किए है। कयास लगाए जा रहे है कि यदि सामने कुल्हाड़ी न होती तो आज चाचा जिंदा होते। क्योंकि दोनों के बीच पहले भी कई बार विवाद हुए है, लेकिन विवाद खून रूप नहीं लिया है। 10.30 बजे के बाद अस्पताल पहुंचा पुलिस बल वारदात के बाद चाचा के सिर से काफी मात्रा में रक्त बह गया था। तुरंत डायल 100 की मदद से बिछिया पुलिस द्वारा एसजीएमएस पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जैसे ही उपचार शुरू किया। वैसे ही सांसे थम गई। हत्या की सूचना के बाद गुरवार की रात 10.30 बजे के बाद अस्पताल भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा है।




# दस्तखत के बाद चीन के लिए मुशकिल होगा अमेरिकी टेव कंपनियों में निवेश करना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन (ब्दाँ ग्ह) गुरुवार को विदेशी निवेश और राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। बाइडन प्रशासन के मुताबिक, इस कार्यकारी आदेश का लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाना है। दरअसल, अमेरिकी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में चीनी निवेश पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका द्वारा यह कदम उठाया जा रहा है। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, व्हाइट हाउस की ओर से जानकारी दी गई कि यह कदम किसी खास देश के खिलाफ नहीं उठाया जा रहा है।व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने आगे कहा कि यह आदेश अमेरिका में विदेशी निवेश पर निगरानी रखने वाली समिति द्वारा निरीक्षण को बढ़ावा देगा।

# 12 मोबाइल के साथ तीन झपटमार गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** फेस 3 थाना पुलिस ने गुरुवार को सेक्टर 64 मेट्रो लाइन के साथ से बाइक सवार तीन शातिर मोबाइल झपटमारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी के 12 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की गई। आरोपियों की पहचान विनीत पुत्र सतीश कुमार गाजियाबाद, सिद्धार्थ पुत्र अरविन्द सेक्टर 63ए ब्लाक नोएडा, और प्रिंस पुत्र भगवान दास लठ्ठराम कॉलोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी ई-रिक्शा और ओटो में बैठी सवारियों की जेब से फोन निकाल बीच रास्ते में उतरकर भाग जाते थे। पुलिस ने तीनों आरोपी के खिलाफ 443/22 और 411/414 धारा में मुकदना दर्ज कर जेल भेज दिया।

# समरकंद में शर्मसार हुए पाक पीएम शहबाज शरीफ, पुतिन के सामने मांगनी पड़ी मदद

**उज्बेकिस्तान।** के समरकंद में दो दिवसीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) चल रहा है। एससीओ में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी समरकंद पहुंचे हैं। गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच बैठक हुई है। इस



बैठक के दौरान पाक पीएम की जमकर फजीहत हुई है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्हें शर्मसार होना पड़ा है। दरअसल, बैठक के लिए शहबाज शरीफ और व्लादिमीर पुतिन मंच पर बैठे थे। पुतिन रूसी भाषा बोलते और समझते हैं। ऐसे में पुतिन और शहबाज दोनों को ही ट्रांसलेटर की जरूरत होती है। शहबाज शरीफ से बातचीत के लिए पुतिन अपने कान में ट्रांसलेटर लगाकर बैठे थे, लेकिन पाक पीएम इसे अपने कान में लगा नहीं पा रहे थे। शहबाज जब ट्रांसलेटर नहीं लगा पाए, तो पुतिन की भी हंसी छूट गई। इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को पाकिस्तानी राजनीतिक दल तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ की तरफ से वीडियो ट्वीट कर कहा गया, 'एक और विदेश यात्रा एक और शर्म की बात। आयात हुए शासक सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को बदनाम कर रहे हैं।वीडियो में दिखाई दे रहा है कि शहबाज को कान में ट्रांसलेटर मशीन लगाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। शहबाज पहले खुद मशीन लगाने की कोशिश करते है, लेकिन कई कोशिशों के बाद भी वो लग नहीं पाता।

# कांग्रेस से आए 8 विधायकों को पार्टी में नहीं करता शामिल, गोवा बीजेपी अध्यक्ष ने क्यों कही यह बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पणजी।** गोवा में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। गोवा कांग्रेस से आठ विधायक भारतीय जनता पार्टी




में शामिल हो गए। इन विधायकों के भाजपा में शामिल हो जाने के एक दिन बाद गोवा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदानंद तनवड़े ने कहा, 'अगर ये सभी 8 विधायक मुझसे संपर्क करते और भाजपा में शामिल होने की अपील करते तो शायद मैं उन्हें पार्टी में शामिल होने की इजाजत नहीं देता। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, सदानंद तनवड़े ने आगे कहा, 'मुझे याद है कि हमें जुलाई में बताया गया था कि यह सभी 8 विधायक कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। उस समय भूपेंद्र यादव गोवा आए थे लेकिन उस समय इन विधायकों को शामिल नहीं किया गया था। बुधवार को कांग्रेस विधायक दल के दो तिहाई (8 विधायक) भाजपा में शामिल हो गए। सदानंद तनवड़े ने आगे बताया कि स्थानीय इकाई ऐसे निणन्य नहीं ले सकती है। हमें केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसलों का ही पालन करना और उन्हें क्रियान्वित करना है।' उन्होंने आगे कहा कि पार्टी परिस्थितियों के हिसाब से काम करती है। सदानंद तनवड़े ने आगे जानकारी दी कि मंत्रिमंडल फेरबदल के बारे में मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। बताते चलें कि भाजपा में शामिल होने के बाद दिगंबर कामत ने एक अजीबोगरीब बयान भी दिया। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर उन्होंने कहा, 'कांग्रेस से इस्तीफा देने से पहले मैं मंदिर गया था। मैंने भगवान से पूछा कि क्या करना है? भगवान ने मुझसे कहा कि जो तुम्हें अच्छा लगे वो करो।' भगवान से अनुमति मिलने के बाद मैंने कांग्रेस छोड़ दी।' गोवा में कांग्रेस के 11 में से 8 विधायकों ने बुधवार को अपना पाला बदल लिया है।

# युद्ध में यूक्रेन के साथ अमेरिका, दी 60 करोड़ डालर की अतिरिक्त सैन्य सहायता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाशिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता के रूप में 60 करोड़ डालर मुहैया कराएगा। इस बात की जानकारी शुक्रवार को विदेश विभाग ने दी। यूएस स्टेट सेक्रेटरी एंटनी ब्लिंकन ने कहा, मैं सितंबर हथियारों और उपकरणों को वितरित कर रहा है जिनका यूक्रेन की सेना प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है, क्योंकि वे रूस के आक्रमण के खिलाफ लगातार जवाब दे रहे हैं। ब्लिंकन के अनुसार, राष्ट्रपति बिडेन ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक स्थिति के मैदान पर यूक्रेन के लोगों की मदद कर रही है और भविष्य में यूक्रेन को बातचीत के लिए भी मजबूत बना रही है। ब्लिंकन ने दोहराया कि अमेरिका और उसके सहयोगी यूक्रेन का समर्थन करते हैं।मास्को द्वारा यूक्रेन के अलग-अलग क्षेत्रों - डोनेट्स्क और



2021 से यूक्रेन के लिए अमेरिकी हथियारों और उपकरणों के हमारे 21वें ड्राडाउन को अधिकृत कर रहा हूं। 600 मिलियन अमरीकी डालर के इस ड्राडाउन में अमेरिकी रक्षा विभाग के अतिरिक्त हथियार, युद्ध सामग्री और उपकरण शामिल हैं।अमेरिकी सेना ने इस प्रशासन की शुरुआत के बाद से यूक्रेन को लगभग 15.8 बिलियन अमरीकी डालर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि मित्र राष्ट्रों और भागीदारों के साथ, अमेरिका उन का समाधान नहीं हो जाता है, अमेरिका यूक्रेन के लोगों का समर्थन करेगा।उन्होंने कहा, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ यूक्रेन के लोग अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं। वे अपने भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका लगातार यूक्रेन की मदद कर रहा है। यूक्रेन भी बहुत ही बहादुरी के साथ युद्ध लड़ रहा है और दुश्मनों को पीछे ढकेल रहा है। उन्होंने कहा कि, हम जो क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, वे युद्ध लुहान्स्क - को स्वतंत्र संस्थाओं के रूप में मान्यता देने के तीन दिन बाद रूसी सेना ने 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किया था। यूके, यूएस, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित कई देशों ने यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियानों की निंदा की है और मास्को पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन देशों ने रूस से लड़ने के लिए यूक्रेन को सैन्य सहायता के साथ मदद करने का भी वादा किया है।

### संजय राउत की मुश्किलें बढ़ाने के संकेत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने पात्रा चाल धनशोधन मामले में संजय राउत की मुश्किलें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई की विशेष अदालत में शुक्रवार को संजय राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने सुनवाई के दौरान शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत याचिका का विरोध किया। मालूम हो कि इस महीने की शुरुआत में शिवसेना नेता ने पात्रा चाल धनशोधन मामले में विशेष अदालत में अपनी जमानत की गुहार लगाई थी। संजय राउत की ओर से जमानत याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ यह मामला राजनीतिक बदले की भावना से दाखिल किया गया है। संजय राउत ने अपनी याचिका में कहा कि सत्ता पक्ष के विरोध को कुचलने के लिए उन्हें निशाना बनाया गया।

# पाकिस्तान की गलतियों से आई बाढ़ ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार ठहराना गलत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ के पीछे ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार माना गया था, लेकिन एक वैज्ञानिक विश्लेषण ने इस बात को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से पाकिस्तान के दो प्रांतों में बारिश में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग देश की विनाशकारी बाढ़ का सबसे बड़ा कारण नहीं है, जिसमें 1,500 से अधिक लोगों की मौत हो गई है के जलवायु वैज्ञानिक वरिष्ठ लेखक फ्रेडरिक ओटो ने अपने अध्ययन में बताया, 'पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ से एक समय में देश का एक तिहाई हिस्सा पानी में डूबा हुआ था, इसके लिए पूरी तरह जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है।' उन्होंने कहा कि इस मानवीय संकट के कई तत्व हैं, जिनमें कुछ मौसम संबंधी, कुछ




आर्थिक, कुछ सामाजिक, कुछ ऐतिहासिक और निर्माण उन्मुख शामिल हैं। ओटो ने कहा, 'जलवायु परिवर्तन के बिना विनाशकारी उच्च वर्षा होती, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण यह बदतर है और विशेष रूप से इस अत्याधिक संवेदनशील क्षेत्र में छोटे परिवर्तन बहुत मायने रखते हैं।' उन्होंने कहा कि अन्य मानवीय कारक जो लोगों को नुकसान पहुंचाया और पानी को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। उसका भी काफी प्रभाव पड़ा। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अध्ययन टीम के सदस्य आयशा सिद्दीकी ने कहा, 'यह आपदा कई वर्षों की दुर्बलता का परिणाम था।टीम ने पांच दिनों में दो प्रांतों का दौरा किया और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली वर्षा की तीव्रता में 50झ् तक की वृद्धि देखी। उन्होंने दो महीनों में पूरे सिंधु क्षेत्र को भी देखा और वहां वर्षा में 30झ् तक की वृद्धि देखी। मिशिगन विश्वविद्यालय के पर्यावरण डीन जोनाथन ओवरपेक ने कहा, 'पाकिस्तान ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के मामले में ज्यादा योगदान नहीं दिया है, लेकिन निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के गंभीर परिणामों निपटना है।

# शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान पर आया श्रीदेवी की इस ऑनस्क्रीन बेटी का दिल, सोशल मीडिया पर किया प्यार का इजहार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान ट्विटर पर ट्रेंड कर रहे हैं। इस बार किसी विवाद के चलते नहीं बल्कि की एक हसीना तस्वीर शेयर की। इस फोटो के साथ उन्होंने सॉन्ग लगाया 'हवाएं'। पोस्ट में सजल ने एक रेड हार्ट इमोजी भी शेयर किया, जो इनके हाल-ए-दिल को बयां करने के लिए हुए जिसमें सजल का न्यू लुक देखने को मिला। पाकिस्तान में सजल की फिल्में और सीरियल्स खासे पॉपुलर हैं। बता दें कि फिल्म मेकर शेखर कपूर के एक प्रोजेक्ट में सजल अली





के इजहार-ए-मोहब्बत के चलते। पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली का दिल हैंडसम, हंक आर्यन खान पर आ गया है। उन्होंने अपने प्यार का ऐलान सबके सामने सोशल मीडिया पर किया। यह वहीं एक्ट्रेस हैं जिन्होंने श्रीदेवी की फिल्म मॉम में उनकी बेटी का किरदार निभाया था। आर्यन खान पर आया सजल अली का दिल हुआ यह कि, पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने अपनी इंस्टा स्टोरीज में शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान की एक काफी था। हालांकि एक्ट्रेस ने पोस्ट में कोई कैप्शन नहीं लिखा था। यह तस्वीर आर्यन खान के इंस्टाग्राम अकाउंट की है, जिसमें उन्होंने व्हाइट कलर की टी-शर्ट पहनी हुई है।सजल अली के पर्सनल लाइफ की बात करें तो हाल ही में उनका तलाक हुआ है। तो वहीं प्रोफेशनल साइड में सजल की फिल्म 'व्हॉट्स लव गॉट टू डू विद इट' का प्रीमियर हाल ही में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ। सोशल मीडिया पर इस इवेंट के वीडियो जमकर वायरल जल्द ही नजर आने वाली हैं। आर्यन खान की बात करें तो वो सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हैं। आईपीएल और दूसरे इवेंट के दौरान इनकी तस्वीरें और वीडियो लाइम लाइट चुरा लेते हैं। ड्रग्स केस से बरी होने के बाद से ही आर्यन खान लगातार सुर्खियों में छाए रहते हैं। पिछले दिनों कॉफी विद करण 7 में गेस्ट बनकर पहुंचीं अनन्या पांडे ने भी माना था कि उन्हें आर्यन खान पर क्रश है।

# मलाइका अरोड़ा ने ब्वॉयफ्रेंड अर्जुन और उनकी बहन को दिया सरप्राइज गिफ्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा पिछले काफी वक्त से अपने रिश्ते को लेकर काफी सुखिर्यों में हैं। दोनों को अक्सर एक दूसरे पर प्यार लुटाते देखा जाता है। मलाइका की बॉन्डिंग अर्जुन की फैमिली के साथ



भी काफी अच्छी है। गुरुवार को मलाइका ने अर्जुन की बहन अंशुला कपूर को एक खास तोहफा दिया। खुद अंशुला ने खुद उस खास तोहफे का वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया है। मलाइका अरोड़ा ने अंशुला कपूर को तोहफे में डिजनी.थीम वाला जम्पर गिफ्रट किया है। अंशुला ने इस ड्रेस को ट्राय करते हुए खुद मिरर के सामने अपना वीडियो बनाया। इस ड्रेस को फ्लॉन्ट करने के साथ ही उन्होंने मलाइका को थैंक्स भी कहा। इस ड्रेस में अंशुला बेहद क्यूट लग रही हैं। इस दौरान अंशुला के बाल पूरी तरह से कवर हैं। वहीं उनके स्माइल इस ड्रसे को और भी खूबसूरत बना रही है। इस वीडियो में डिजनी थीम म्यूजिक चल रही है। इसे पास्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'डिजनी गुडीज हमेशा एक हैप्पी डांस के लिए होते हैं।' इस वीडियो को उन्होंने मलाइका को टैग किया है। मलाइका ने भी इसे को रीपोस्ट करते हुए लिखा, 'जम्पर आप पर अच्छा लग रहा है और आपका डांस भी अच्छा है।' सेम ऐसी ही ड्रेस मलाइका ने अर्जुन कपूर को भी गिफ्ट किया है, जिसे अर्जुन ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट किया है। अर्जुन ने जम्पर की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'क्या बेहतरीन गिफ्ट है।' वहीं मलाइका ने बड़े दिल वाले इमोजी के साथ इसे रीपोस्ट किया। आपको बता दें कि मलाइका ने जो ड्रेस अर्जुन और अंशुला को दी है उसकी कीमत 2490 है।

# वेल्डिंग से गुजारा करने वाले कानपुर के कंटेस्टेंट ने जीता 50 लाख रुपये, जवाब आते हुए भी 75 लाख के सवाल पर किया क्विट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** टीवी का क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 14 अब तक कई लोगों के किस्मत का ताला खोल चुका है। शो में देशभर से हर श्रेणी के लोग अपनी किस्मत आजमाने आते हैं। कभी कोई 1 करोड़ के सवाल तक पहुंच जाता है तो किसी को 1,000 पर ही संतोष करना पड़ता है। शो के हालिया एपिसोड में अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर यूपी के कानपुर के रहने वाले ऋषि राजपूत बैठे। जिन्होंने बेहद शानदार गेम खेला और दर्शकों समेत बिग बी को इंप्रेस किया। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतने के बाद ऋषि राजपूत ने अपनी इंस्पिरेशनल जर्नी के बारे में अमिताभ बच्चन को बताया। ऋषि ने कहा कि वे एक लोअर मिडिल क्लास फैमिली से आते हैं, वे वेल्डिंग का काम करते हैं और इसी से उनके घर का चूल्हा जलता है। ऋषि ने आगे बताया कि शो में आने के लिए भी उनके पास पैसे नहीं थे। उन्होंने कुछ पैसे रिश्तेदारों से उधार लिए और अपने लिए कपड़े



खरीदे। केबीसी 14 के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए ऋषि ने कहा कि उन्होंने 150 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी के हिसाब से वेल्डिंग का काम शुरू किया था और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे केबीसी के मंच पर आकर लखपति बन जाएंगे। इतना कहते-कहते ऋषि की आंखों में आंसू आ गए। बिग ने उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि इतने पैसे शायद आप कई सालों में कमा पाते लेकिन, केबीसी के मंच ने आपको ये मौका दिया और इसलिए ये शो इतना खास है। ऋषि ने शो में अपनी तीन लाइफ लाइन इस्तेमाल करते हुए 50 लाख तक के सवालों का सही जवाब दिया लेकिन, 75 लाख के सवाल पर वे स्योर नहीं थे और उनकी सभी लाइफ लाइन भी खत्म हो चुकी थी। ऐसे में उन्होंने शो को क्विट करना ही सही समझा क्योंकि 75 लाख के पड़ाव पर गलत जवाब देने पर प्राइज मनी 50 लाख से घटकर सीधा 25 लाख पर पहुंच जाती। हालांकि, ऋषि राजपूत को इस सवाल का जवाब भी पता था। शो से क्विट करने के बाद जब बिग बी ने उनसे एक सही जवाब चुनने के लिए कहा तो ऋषि ने अपने इस आखिरी सवाल का जो जवाब चुना वो सही निकला। अगर ऋषि शो में बने रहते तो उन्हें 1 करोड़ जीतने का भी मौका मिलता।

# ट्रोल हो रहीं उर्वशी रौतेला ने कहा 'देखो जरा अपनी मोहब्बत से दूर होकर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में रहने वाली उर्वशी रौतेला ने अपना हाल ए दिल बयां किया है। क्रिकेटर ऋषभ पंत के साथ उनके रिश्ते और फिर उनसे माफी मांगने का उर्वशी का वीडियो काफी सुखिर्यों में रहा। इस वजह से उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना में इंस्टाग्राम पर कुछ घंटों पहले एक पोस्ट शेयर की। फोटो कुछ ज्यादा क्लियर नहीं है। उनके गले में मंगलसूत्र, मांग में सिंदूर और चेहरे पर मायूसी दिख रही है। मानो यह किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट से ली गई तस्वीर हो। उर्वशी के पीछे किसी मेकअप आर्टिस्ट का हाथ भी दिख रहा है। इस तस्वीर को कोई कहता नजर आया 'आरपी भइ्या फोन उठा लो प्लीज।' दरअसल, कुछ समय पहले उर्वशी का एक वीडियो वायरल हुआ था। वह किसी इंटरव्यू का वीडियो था, जिसमें उर्वशी ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहानी सुनाई थी। उसमें आरपी का नाम लिया था, जिसे फैंस ने ऋषभ पंत माना।



पड़ता है। पिछले दिनों पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह के साथ अपने एडिटेड वीडियो को लेकर भी उर्वशी नेटीजंस के निशाने पर थीं। फिलहाल उर्वशी अपने नए पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। एक तस्वीर साझा कर उन्होंने ऐसी लाइनें लिखी हैं, कि लोगों को ऋषभ पंत की याद आ गई। अक्सर ग्लैमरस अंदाज में दिखने वाली उर्वशी ने सिंपल साड़ी शेयर करते हुए मिस यूनिवर्स (उर्वशी 2012 और 2015 में मिस यूनिवर्स बनी थीं) ने लिखा, 'मौत से पहले भी एक मौत होती है। देखो जरा अपनी मोहब्बत से दूर होकर।' उर्वशी के इस पोस्ट के बाद फैंस को ऋषभ पंत की याद आ गई है। एक यूजर ने उनसे पूछा कि आरपी कौन है तो वहीं दूसरे ने लिखा 'आरपी पैचअप कर लो।' इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर कोल्ड वॉर भी देखने को मिला। इसके कुछ दिन बाद उनका एक और वीडियो सामने आया जिसमें उन्हें सॉरी बोला। फैंस ने यह माना कि उन्होंने ऋषभ पंत से माफी मांगी है। हालांकि, उर्वशी ने इसे क्लियर करते हुए कहा कि वह सॉरी उन्होंने अपने फैंस के लिए कहा था।

# 1993 के इस तीन सेकेंड के वीडियो से ऐश्वर्या राय रातों रात आ गई थीं सुर्खियों में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकारा ऐश्वर्या राय बच्चन की खूबसूरती के चर्चे आज पूरी दुनिया में होते हैं। ऐश्वर्या ने कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। ऐश्वर्या मिस वर्ल्ड बनने से पहले मॉडलिंग करती थीं। उनके मॉडलिंग के दिनों दी थीं। इसके बावजूद उनकी प्रेजेंस को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस ऐड में उनका नाम संजना था। ऐश्वर्या राय का यह ऐड एक बार फिर से वायरल है। विज्ञापन की बात करें तो आमिर खान अपने घर पर बिल्कुल अकेले होते हैं। तभी उनके दरवाजे की घंटी बजती है जैसे ही वो गेट ओपन करते हैं



की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर समय समय पर वायरल होते रहते हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो इंटरनेट पर काफी सुखिर्यों में बना हुआ है, जो उनके 1994 में ब्यूटी पीजेंट में हिस्सा लेने से पहले का है। इस वीडियो में ऐश्वर्या के साथ बॉलीवुड के दो स्टार्स भी नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन का वायरल हो रहा वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। उनका ये वीडियो एक सॉफ्ट ड्रिंक के ऐड का है। इस वीडियो में उनके साथ महिमा चौधरी और आमिर खान ने भी काम किया था। इस ऐड में ऐश्वर्या महज 3 सेकेंड्स के लिए ही दिखाई सामने एक खूबसूरत सी पड़ोसन (महिमा चैधरी) आती हैं और कोल्ड ड्रिंक मांगती हैं। वहीं आमिर जब अपना फ्रिज देखते हैं तो उसमें सॉफ्ट ड्रिंक नहीं होती है। ऐसे में पड़ोसन को इंप्रेस करने के लिए वो बारिश में ट्रैफिक की परवाह किए बिना कोल्ड ड्रिंक की बॉटल लेकर आते है, लेकिन तभी अचानक फिर से घंटी बजती है। इस पर महिमा चौधरी कहती हैं, जरूर संजू होगी और तभी ऐश्वर्या आकर बोलती हैं, हाय, आई एम संजना, एक और पेप्सी है? बस फिर से आमिर उनके लिए कोल्ड ड्रिंक लाने की सोचने लगते हैं।

# रुबीना दिलैक के पति अभिनव शुक्ला से पहले ये सितारे भी सिखा चुके हैं ट्रोल्स को अच्छा सबक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के एक तरफ जहां कुछ फायदे हैं, तो वहीं कुछ नुकसान भी है। बॉलीवुड और टीवी के एक्टर्स को




जहां सोशल मीडिया पर अपने फैंस से ज्यादा से ज्यादा कनेक्ट होने का मौका मिलता है, तो वहीं कभी कभी यही यूजर्स इन स्टार्स के गले की फांस बन जाते हैं। कई ट्रोल्स तो ऐसे हैं जो स्टार्स को डीएम और ट्वीट करके धमकी देने तक पर उतारू हो जाते हैं। हाल ही में एक यूजर्स रुबीना दिलैक के पति अभिनव शुक्ला को पिछले 1 साल से एक्ट्रेस से शादी तोड़ने की धमकी दे रहा था। इस ट्रोल से परेशान होकर अभिनव शुक्ला ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज की थी, जहां लगभग 1 साल के बाद अब इस पुलिस ने रुबीना अभिनव को धमकी देने वाले ट्रोल का पता लगा लिया है। अभिनव शुक्ला और रुबीना दिलैक इस लिस्ट में अकेले नहीं हैं जिन्होंने ट्रोल को सबक सिखाया। इससे पहले भी कई स्टार्स ने पुलिस की मदद से ट्रोल्स को सबक सिखाया, तो वहीं कुछ सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रोल्स की सोशल मीडिया पर ही अपने जवाब से बोलती बंद कर दी। तो चलिए बिना देरी किए देखते हैं कि किन किन सितारों ने सोशल मीडिया पर ट्रोल्स की क्लास लगा कंगना रनोट बॉलीवुड की धाकड़ अभिनेत्री हैं। वह अपने बिंदास बोल के लिए जानी जाती है। कंगना रनोट भी सोशल मीडिया पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को मजा चखा चुकी हैं। कंगना रनोट ने ट्रोल के खिलाफ मनाली में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद कंगना रनोट ने शख्स के खिलाफ लीगल एक्शन लिया था। कटरीना कैफ और विक्की कौशल को कुछ महीने पहले ही एक शख्स ने धमकी दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें इस शख्स का नाम मनविंदर सिंह है, जो कटरीना कैफ के साथ अपनी तस्वीरें मोफ्ड करके अपने इंस्टाग्राम पर डालता था। यह शख्स कटरीना कैफ का फैन था और जिसके बाद वह एक्ट्रेस और विक्की को सोशल मीडिया पर परेशान कर रहा था इतना ही नहीं राह चलते वो कटरीना का पीछा भी कर रहा था। जिससे परेशान होकर विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्विंकल खन्ना ने खास अंदाज में दी बेटे आरव को जन्मदिन की बधाई, परवरिश को लेकर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और ट्विंकल खनन के बेटे आरव ने कल अपना जन्मदिन मनाया है। आरव अब 20 साल के हो गए हैं। बेटे के जन्मदिन के इस खास मौके पर अक्षय और ट्विंकल बेहद खुश हैं। आरव के बर्थडे पर ट्विंकल ने एक खास तस्वीर पोस्ट कर उन्हें विश किया है। इस पोस्ट पर लगातार फैंस कमेंट कर बर्थडे ब्वॉय को ढेरों बधाई दे रहे हैं। ट्विंकल खनन ने आरव के जन्मदिन पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी एक खास तस्वीर पोस्ट की है। इस तस्वीर में आरव रंग बिरंगे गुब्बारे के के साथ मुस्कुराते हुए पोज दे रहे हैं। उनके चेहरे पर जन्मदिन की खुशी साफ देखी जा सकती है। वहीं बधाई देते हुए ट्विंकल खनन ने कैप्शन में एक खास नोट भी लिखा है, जो आपके दिल को छू जाएगा। ट्विंकल खनन ने तस्वीर के साथ लिखा, 'और वह 20 साल का हो गया! उसे उठाना बेहद मुश्किल है, लेकिन फिर आखिरी में छोड़ देना भी कठिन है। समस्या ये है कि है कि हम उनकी परवरिश के बारे में इनता सोचते हैं कि वो बड़े हो कर ऐसा बनेंग। हम हम साल-दर-साल ऐसा ही करते हैं। उन्हें इस चीज की इतनी आदत हो जाती है कि हम ये भूल ही जाते हैं कि ये उनकी लाइफ है और ये डिसीजन उनका होना चाहिए। इन सभी बातों से पीछे हटना मुश्किल है, लेकिन मुझे इस बात पर गर्व है कि वो एक बेहतरीन लड़का है। वो खुद अपना बेहतर भविष्य बना सकता है।' वहीं इस पोस्ट के लास्ट में ट्विंकल ने अपने बेटे को जन्मदिन की बधाई दी है। आपको बता दें कि अक्षय कुमार के लाड़ले आरव अन्य स्टार किड्स की तरह लाइम लाइट में रहना पसंद नहीं करते हैं। वहीं आराव के अलावा अक्षय की एक बेटी भी है जिसका नाम नितारा कुमार है।



# डांस रियलिटी शो के मंच पर ऐसा माहौल देखकर फूट-फूटकर रोये करण जौहर, वायरल हुआ वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित, करण जौहर और नोरा फतेही स्टारर डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' सीजन 10 का बीते हफ्ते ही आगाज हुआ है। इस बार निया शर्मा, रुबीना दिलैक सहित एक से एक ट्रिब्यूट देते हुए निर्माता के साथ उनके बच्चों यश और रूही की फोटोज शेयर करते हुए परफॉर्म किया। नीति टेलर और आकाश थापा की परफॉर्मेंस देखने के बाद करण जौहर काफी भावुक हो गए। उन दोनों की परफॉर्मेंस जैसे ही



कंटेस्टेंट इस शो में आए हैं, जो अभिनय के साथ-साथ डांस में भी माहिर हैं। हालांकि इस बार शो में चैलेंज सिर्फ कंटेस्टेंट के लिए ही नहीं बढ़ा है, बल्कि शो के जजेज के लिए भी बढ़ गया है। हाल ही में 'झलक दिखला जा' 10 का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें करण जौहर फफक-फफक कर रोते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स के डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो शेयर किया। इस प्रोमो में शो के सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट नीति टेलर और आकाश थापा करण जौहर को खत्म हुई वैसे ही यश का एक वीडियो प्ले हुआ और इस वीडियो को देखने के बाद करण जौहर के आंसू नहीं रुके और वह फूट-फूटकर रोने लगे। करण जौहर ने खुद को संभालते हुए नीति टेलर और आकाश थापा की तारीफ की। उन्होंने कहा मुझे ऐसा लग रहा था, मेरे यश और रूही बड़े हो गए हैं और डांस मंच पर हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि वह मेरी जिंदगी का हिस्सा हैं। आपको बता दें कि करण जौहर ने सरोगेसी की मदद से 7 फरवरी 2017 में अपने दोनों बच्चों का स्वागत किया था। वह यश और रूही के साथ सोशल मीडिया पर अक्सर टूडल्स वीडियो बनाते हैं। झलक दिखला जा सीजन 10 की बात करें तो इस शो में फैसल खान, रुबीना दिलैक, निया शर्मा, अमृता खानविलकर, गश्मीरा, धीरज धूपर और शिल्पा शिंदे सहित कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। इस शो को टीवी पर ऑन एयर हुए एक हफ्ता हो चुका है और शो में गश्मीर और उनकी कोरियोग्राफर को गोल्डन सोफे पर बैठने का चांस मिला है। शुरूआती एपिसोड से ही कंटेस्टेंट एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः– इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।